# परौर में राजमहल के सामने खस्ता हाल पुलिया को लेकर किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर - शाहजहांपुर।** परौर में राजमहल के सामने एक खस्ताहाल पुलिया काफी दिनों से जर्जर हालत में खड़ी है। लोगों का कहना है कि इस पुलिया का निर्माण सन् 1920 में तत्कालीन परौर रियासत के राजा नारायण सिंह द्वारा बनवाई गई थी। क्योंकि परौर के आवागमन के लिए कोई रास्ता नहीं था। क्योंकि गांव के बीच में चल रहा है बड़े आकर के कुंडा तालाब में गांव को दो भागों में बांट दिया था। कुंडा तालाब का रखवा लगभग 200 बीघा था एवं कुंडा तालाब की गहराई अधिक होने के कारण लोगों को नाव के सहारे आना जाना पढ़ता था। उस समय के तत्कालीन राजा नारायण सिंह ने प्रजा की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तालाब पर पुलिया का निर्माण करा दिया था।जिससे लोगों का इस पार से उस पार तक आवागवन सुलभ हो गया । अब यह पुलिया लगभग 20 वर्षो से जर्जर हालत में खड़ी है। क्षेत्र के लोगों द्वारा जनपद के सांसद, क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत, सदस्य ग्राम प्रधान को इस पुलिया की मरम्मत के लिए कई बार अवगत कराया गया। लेकिन आज तक पुलिया खस्ता हाल अवस्था में खड़ी है। इस पुलिया के नीचे कई मोटरसाइकिल सवार एवं कई बच्चे गिरकर चोटेल हो चुके हैं। जब गांव के लोग सब तरह से हार मान गए तो आज उन्होंने पुलिया के सामने प्रदर्शन कर पुलिया बनवाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में राजू पंडित, शैलेंद्र कुमार सिंह, वीरभान सिंह, नन्हे सिंह, राजपाल सिंह, श्याम कुमार सिंह, गजेंद्र पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

1= गांव परौर के पाठा बाबा का कहना है कि पुलिया कुंडा तालाब के ऊपर बनी है।तालाब में बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा पानी रहता है। यदि इसका निर्माण नहीं कराया गया तो किसी दिन बड़ी से बड़ी घटना हो सकती है।

2, गांव के सेवा निवृत सूबेदार मेजर धर्मेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि कुंडा तालाब पर खस्ताहाल पुलिया की मरम्मत करना अति आवश्यक है। नहीं तो किसी दिन बड़े से बड़ा हादसा हो सकता है।

3- सेवानिवृत्ति फौजी लाल शर्मा का कहना है कि पुलिया निर्माण के लिए ग्राम प्रधान एवं लोग निर्माण विभाग को ध्यान देना चाहिए।

ग्राम प्रशासक चांदनी माथुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम सभा स्तर पर इतना बजट नहीं आता है। जिससे पुलिया की मरम्मत कराई जा सके। क्योंकि इस पुलिया में अधिक पैसा खर्च होगा इस पुलिया की मरम्मत या निर्माण लोक निर्माण विभाग या जिला पंचायत से संभव है।

# सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार युवक की मौत

**कलान।** कलान थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार युवक की मौत हो गयी। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर एक ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी थी।जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सथरा धर्मपुर निवासी सुखबीर (24) और राजकुमार मिर्जापुर में एक बंगाली डॉक्टर से दवा लेकर ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रहे थे। गुन्दौरा दाऊदपुर गांव के समीप मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी ई-रिक्शा को साइड मार दी। हादसे में सुखबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि ट्रक की चपेट में आने से उसके दोनों पैर बुरी तरह कुचल गये। वहीं राजकुमार को मामूली चोटें आयीं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायल सुखबीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कलान ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुखबीर की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए बदायूं के हायर सेंटर रेफर कर दिया।हालांकि हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही सुखबीर ने दम तोड़ दिया। सुखबीर की मौत से गांव में मातम पसर गया है।

वह छह भाई-बहनों में से एक था। उसकी मौत से मां देवसती का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा ने बताया कि युवक को घायल अवस्था में बदायूं रेफर किया गया था।उसकी मौत के बाद पोस्टमार्टम बदायूं में ही कराया गया है।

# ध्वज पूजन के साथ शुरू हुआ मां बगलामुखी मंदिर का निर्माण कार्य

**पुवायां।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव समुलिया स्थित मां बगलामुखी मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को ध्वज पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक चेतराम, नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। नव निर्माणाधीन मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक चेतराम ने मंदिर से हाईवे तक करीब 430 मीटर खड़ंजा मार्ग बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग निर्माण का कार्य शीघ्र कराया जाएगा। कार्यक्रम में लखीमपुर खीरी के बरबर निवासी सर्वेश मिश्रा ने मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर परिसर में दो दिन के भीतर समरसेबल लगवाने की घोषणा की। वहीं शाहजहांपुर के गोकुलधाम कॉलोनी निवासी दिनेश दीक्षित ने मां बगलामुखी का दरबार सजवाने का संकल्प लिया। मोहम्मदी क्षेत्र के गांव उमरिया कुंभी



निवासी बीना सिंह ने पांच ज्योतिर्लिंग स्थापित कराने तथा समुलिया निवासी ओमेंद्र चौधरी ने दो शिवलिंग लगवाने की घोषणा की। मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने से पहले तिवारी ट्रेडर्स एवं तिवारी धर्म कांटा के स्वामी सौरभ तिवारी ने 11 कुंतल मौरंग, 11 कुंतल रेता और 11 बैग सीमेंट दान स्वरूप भेंट किए। मंदिर के महंत रोहित मुनि ने सात दंपतियों से विधि-विधान के साथ ध्वज पूजन संपन्न कराया, जिसके बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ।इस मौके पर अधिवक्ता विनय शर्मा, सतेंद्र कुमार सिंह, सुमित शर्मा, रणजीत सिंह, रामप्रताप मिश्रा, संत कुमार सिंह, विजेंद्र सिंह, रविंदर सिंह, अरविंद चौधरी, पुनीत शर्मा, ओमेन्द्र सिंह चौधरी, उमेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, जय प्रकाश पाण्डेय, महेश शर्मा,ब्रजेश चौधरी,अमित शर्मा, सर्वेश शर्मा, देवेंद्र अवस्थी वैभव मिश्रा, दिनेश दीक्षित समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### पीएचसी परौर में लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** रविवार को परौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। डाक्टर दिनेश प्रताप सिंह ने भीषण गर्मी व लू से बीमारी होने से बचाव के बारे में मरीजों को जानकारी दी।इस मेले में आयुष चिकित्सक डॉ दिनेश प्रताप सिंह एवं डॉक्टर शशी वाला गौतम ने 18 मरीजों को सर्दी, जुकाम, बुखार, उल्टी, पेट दर्द, खुजली आदि की दवाई निःशुल्क दी गई। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में क्षेत्रीय एएनम, आशा बहुएं एवं आंगनवाड़ी कार्य कत्री एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

### भीषण गर्मी में ट्रेन में टीटी की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** 12469 कानपुर से चलकर जम्मू तवी जाने वाली कानपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच ने ड्यूटी कर रहे हैं रोशन लाल के कानपुर से सहारनपुर तक ड्यूटी थी कानपुर से दोपहर 2:00 बजे चले बालामऊ से चलने के बाद रोशन लाल की तबीयत भीषण गर्मी के कारण खराब होने लगे रोशन लाल ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन पर शाहजहांपुर के प्लेटफार्म नंबर 3 पागो का क्या जहां डॉक्टर राजेंद्र माथुर और सोमवीर ने प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया रोशन लाल ने बताया स्लीपर कोच के अंदर इतनी भीड़ थी गर्मी के कारण काम करना मुश्किल हो रहा था भीषण गर्मी में बॉडी दर्द कर रही थी और तेज बुखार आने लगा कई बार बैठ बैठ कर ड्यूटी की उसके बाद शाहजहांपुर आने पर प्राथमिक उपचार मिला उसके बाद आधे घंटे तक ट्रेन में आराम की फिर कुछ रैली मिलने पर अपने कोच को चेक कर और सहारनपुर तक लेकर आया स्टेशन अधीक्षक के गौतम ने बताया कानपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस में टीटी की तबीयत खराब होने का मेमो मिला था मेमो भेज कर डॉक्टर से प्राथमिक उपचार कराया। यहां बताते चलें अभी 2 दिन पूर्व रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सिग्नल और दूरसंचार विभाग के अमित सक्सेना की हालत बिगड़ गई थी जिनको उनके साथी लोगों ने रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया और प्राथमिक उपचार कराया।

### राधेश्याम की महफिल' परिवार ने हरिद्वार में बजाया राधा नाम का डंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** पावन धाम हरिद्वार के श्री भगवद धाम आश्रम में निर्वाण सप्ताह के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह समारोह के तहत 'राधेश्याम की महफिल' परिवार को भजन संध्या करने का अवसर प्रदान किया गया उसी क्रम में प्रातः हर की पैड़ी पर भजन कीर्तन किया और स्नानादि के पश्चात आश्रम पहुंचकर सुबह की बेला में श्री भगवद धाम आश्रम पहुंचे उसके महामंडलेश्वर डॉ0 विवेकानन्द जी महाराज के सानिध्य में एवं रविन्द्रानंद महाराज के कुशल नेतृत्व में वृन्दावन से पधारे कथा व्यास श्रद्धेय लक्ष्मण दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा सरल शब्दों में सुनाई गई।शाम 6 बजे से 'राधेश्याम की महफिल' परिवार के सदस्यों द्वारा सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई इसी बीच नोएडा से पधारे निष्काम सेवा संकीर्तन मण्डल के संस्थापक नवीन पाण्डेय जी ने भी अपनी हाजिरी लगाई तथा बहादुरगढ़ से आई भजन गायिका सुश्री मीनाक्षी दीदी भी पूरे समय उपस्थित रहीं । उक्त संकीर्तन के समापन पर परम पूज्य गुरुदेव जी ने अपने आशीर्वचनों में शाहजहांपुर की इस संस्था 'राधेश्याम की महफिल' की प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद दिया तथा पूज्य महाराज रविन्द्रानंद जी ने भी आशीष दिया । अंत में 'राधेश्याम की महफिल' परिवार की तरफ से महाराज जी को अंग वस्त्र धारण कराया गया व मंचासीन गुरुदेव वी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया फिर 4 जून को स्थानीय भक्त के ज्वालापुर के बसंत विहार कॉलोनी स्थित आवास पर भी संकीर्तन किया गया।

### अश्लील वीडियो बनाकर किशोर से वसूले रुपये व जेवर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील वीडियो बनाने और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक महिला ने मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से कर कार्रवाई की मांग की है। महिला के अनुसार कुछ दिन पहले उसके भांजे को उसके कुछ दोस्त अपने घर ले गए, जहां कथित रूप से उसे नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया गया। आरोप है कि बेहोशी की हालत में किसी अज्ञात युवती के साथ उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली गई। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे रुपये और जेवरात मांगे जाने लगे। बताया गया कि बदनामी के डर से किशोर ने घर से 50 हजार रुपये तथा सोने-चांदी के कुछ आभूषण अपने दोस्तों को दे दिए। आरोप है कि इसके बावजूद चार जून को युवकों ने उसे फिर अपने घर बुलाया और पिस्टल दिखाकर 50 हजार रुपये की और मांग की। रुपये न देने पर वीडियो परिवार और अन्य लोगों को दिखाने तथा वायरल करने की धमकी दी गई। परिजनों के अनुसार किशोर देर रात डरा-सहमा घर लौटा, लेकिन उसने किसी को कुछ नहीं बताया। अगले दिन सुबह उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। काफी समझाने के बाद जब परिजनों ने उससे बात की तो उसने पूरी घटना बताई।इसके बाद महिला ने कोतवाली सदर बाजार पुलिस समेत उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीडीए और समाजवादी पार्टी की बनाएंगे सरकार : तनवीर

## पुवायां के ब्लॉक बंडा में समाजवादी पीडीए पंचायत का आयोजन

**स्वतंत्र भारत बंडा शाहजहांपुर।** पुवायां विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक बंडा में स्वर्ण पैलेस में विशाल समाजवादी पी डी ए पंचायत का सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम ने आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी अमित यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा,सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल जी शामिल हुए। जिनका फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि देश का युवा बेरोजगारी, महंगाई और अवसरों की कमी से जूझ रहा है, जबकि किसान बढ़ती लागत, महंगे डीजल, खाद-बीज और अपनी उपज



का उचित मूल्य न मिलने से परेशान है। भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार और किसानों को समृद्धि का जो सपना दिखाया था, वह आज अधूरा साबित हुआ है। उन्होंने कहा प्रदेश और देश की तरक्की का आधार युवा और किसान हैं। हमारी प्राथमिकता युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सम्मानजनक रोजगार और किसानों को उनकी फसल का लाभकारी मूल्य दिलाना है। बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है, इसलिए जनता बदलाव चाहती है।

पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़कर 2027 में पी डी ए और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे।सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम डॉ जितेंद्र वर्मा जिला उपाध्यक्ष,मिश्री लाल पटेल जिला उपाध्यक्ष, ब्रह्मानंद मिश्रा जिला उपाध्यक्ष,प्रेमपाल वर्मा पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, सुनील कुमार सागर विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी,एड राहुल यादव पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष,समर्थ यादव विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा, इलियास अंसारी जिला सचिव छात्रसभा, प्रमोद सिंह चौहान विधानसभा उपाध्यक्ष, सफीकुर रहमान राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा,मितेंद्र यादव विधानसभा महासचिव कौशल यादव जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी,भारत लाल पासी,राजीव यादव विधानसभा अध्यक्ष यादव महासभा, सामत खा,डॉ मुकेश गौरव, गौरव यादव विधानसभा महासचिव छात्रसभा,आजम खा ब्लॉक अध्यक्ष बंडा,परवेज खा,सलमान भाई सिकंदरपुर,राजकुमार शर्मा नगर अध्यक्ष पुवाया,बादाम सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष,जसपाल यादव,मोहित यादव,विधान सभा अध्यक्ष महिला सभा मनीषा राज,रीना देवी,फूलमती,कमला देवी,पुष्पा देवी, शशि वाला प्रधान इटौली, राजरानी देवी, गीता देवी, अनुपा देवी, संगीता देवी, प्रवीण कुमारी, मौजूद रहे। बैठक का संचालन पी एल गौतम नगर उपाध्यक्ष ने किया।

### पुण्यतिथि पर भंडारा कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** रेलवे स्टेशन पर तैनात लोको पायलट राकेश कुमार मिश्रा की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र उज्जवल मिश्रा ने सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर लंगोटी बाबा मंदिर पर विशाल भंडारा कराया राकेश कुमार मिश्रा रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट के पद पर तैनात थे उनके निधन के बाद उनके पुत्र उज्जवल मिश्रा को रेलवे विभाग में सर्विस मिली प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी उज्जैन मिश्रा ने अपने पिता राकेश मिश्रा की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया इस अवसर पर नॉर्दर्न रेलवे में यूनियन के कई कर्मचारियों पर अधिकारी उपस्थित थे चंदन कुमार अवधेश कुमार अमित कुमार मिश्रा अमित भागवत उज्जैन मिश्रा रमेश कुमार राम भरोसे सियाराम सोहनलाल रामकिशोर जय कुमार मोहनलाल कई कर्मचारी उपस्थित थे उज्जवल मिश्रा ने बताया अपने पिता की पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है इस वर्ष में सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर भंडारे का आयोजन किया गया।

# जेई और लाइनमैन के बीच विवाद विरोध में दो घंटे ठप रहा पावर हाउस

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** बंथरा पावर हाउस में शनिवार को कार्य को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि विद्युत निगम के जूनियर इंजीनियर जेई अनिल कुमार और लाइनमैन रामस्वरूप के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद जेई द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने से नाराज कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

लाइनमैन रामस्वरूप का आरोप है कि कार्य संबंधी बातचीत के दौरान जेई ने उनके साथ गाली-गलौज की। उन्होंने घटना की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी होने का दावा किया है।

घटना से आक्रोशित कर्मचारियों ने शनिवार शाम करीब 6 बजे से 8 बजे तक बंथरा पावर हाउस का संचालन प्रभावित कर विरोध प्रदर्शन किया।विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। पावर हाउस बंद रहने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित होने की चर्चा रही।

मामले को लेकर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता एक्सईएन ए.जी. अग्रवाल ने बताया कि घटना की जानकारी उनके संज्ञान में है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद विभागीय कर्मचारियों के बीच चर्चा का माहौल बना रहा।

वहीं, अधिकारियों ने कर्मचारियों से संयम बनाए रखने और विभागीय कार्यों को प्रभावित न करने की अपील की।

# भारत विकास परिषद ने योग के साथ किया तुलसी वितरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा शाहजहांपुर की महिला सहभागिता गतिविधि अंतर्गत आज योग विज्ञान संस्थान सीतापुर आई हॉस्पिटल में संचालित योग शिविर योग का विशेष अभ्यास कराया गया जिसमें बी पी, डायबिटीज अस्थमा आदि को नियंत्रित करने व उसके निदान से संबंधित योगासन कराए गए। भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा की महिला सहभागिता गतिविधि संयोजक एवं योग शिविर की संचालिका श्रीमती ज्योति गुप्ता के संयोजन एवं योग विज्ञान संस्थान के संयोजन में स्वास्थ एवं पर्यावरण संरक्षण पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद रुहेलखंड पूर्व प्रांत के प्रांतीय गतिविधि अधिकारी श्री राकेश कुमार पांडेय व शाखा सचिव जसवंत जयसिंह जी का कार्यक्रम आयोजक टीम द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राकेश



कुमार पांडेय ने कहा कि हम स्वस्थ तभी रह सकते हैं जब पर्यावरण अर्थात हमारे चारों तरफ का परिवेश शुद्ध होगा जन,जल, जंगल,जमीन और जानवर ये पांचों मिलकर पर्यावरण का स्वरूप बनते हैं इनमें से कोई भी एक प्रभावित होगा पूरा पारिस्थिकी तंत्र अस्त व्यस्त हो जाएगा और परमात्मा द्वारा निर्मित ये प्रकृति अर्थात सृष्टि विनाश को ओर बढ़ती जाएगी।

अंत कार्यक्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह अंतर्गत मुख्य अतिथि राकेश कुमार पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि जसवंत जयसिंह जी द्वारा सभी साधकों को तुलसी का पौधा भेंट कर

'हर घर तुलसी लगाएं। पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी निभायें।।

का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती उमा पांडेय,श्री कौशल शुक्ल, शीला रस्तोगी, बिपिन रस्तोगी, रचना चांदना, मीना शुक्ला, दीपिका कपूर, अर्चना गुप्ता, गीता सिंह, रेनू मौर्या, अनामिका, रेखा सक्सेना, रेखा कुशवाहा, अनीता शुक्ला, रीना, डिम्पी, सावित्री, नीलम, निमिषा, प्रवीण मिश्रा, विनोद सक्सेना, वेदप्रकाश गुप्ता, आशाराम गुप्ता, आदि योग साधकों ने प्रतिभाग किया तदोपरांत कार्यक्रम संयोजक ज्योति गुप्ता जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नेशनल कैंसर सर्वाइवर्स डे पर विजेता का संदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** शहीदों की धरती के ग्राम हुसैनपुर कबरा के 28 वर्षीय शशांक पटेल अपनी सकारात्मक सोच और जिंदादिली के दम पर सैंकड़ों कैंसर पीड़ित ब'चों की ताकत बन चुके हैं। कुछ साल पहले 2009 में वह खुद नूरोफाइरोसारकोमा ट्यूमर से पीड़ित थे, लेकिन खुश रहकर बीमारी को मात देने का उनका नुस्खा इतना कारगर सिद्ध हुआ कि आखिरकार कैंसर को हार माननी ही पड़ी। इस दौरान उनके पापा की नौकरी चली गई। वह आर्मी 'वाइन करना चाहते थे लेकिन सर्जरी कीमोथेरेपी रेडियोथेरेपी होने के कारण यह संभव नहीं था। फिर उन्होंने निर्णय लिया कि अब हम कैंसर से पीड़ित ब'चों के लिए काम करेंगे वर्ष 2018 में बाल विभाग केजीएमयू लखनऊ में संचालित कैनकिड्स संस्था में उन्होंने सोशल वर्कर पद को 'वाइन किया। अब उनकी जिंदगी का मकसद है कि हर माता-पिता तक संदेश पहुंचाना है कि ब'चों को होने वाला कैंसर का इलाज संभव है। यह कैनकिड्स संस्था के सहयोग से भर्ती कैंसर से पीड़ित ब'चों के माता-पिता की काउंसलिंग के माध्यम से ब'चों के भीतर तक का डर निकालता है और कैनकिड्स संस्था के माध्यम से कैंसर से पीड़ित ब'चों के लिए फाइनेंसियल साइक्लोजिकल, मेडिकल, एजुकेशन, ब्लड सपोर्ट , रहने की सुविधा आदि की मदद दे रहे हैं।

शशांक पटेल अब तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के सहयोग से कैनकिड्स संस्था द्वारा चाइल्डहुड कैंसर के बचाव एवं जागरूकता गतिविधियाँ हेतु लगभग उत्तर प्रदेश के 65 जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगभग 15000 आशा वर्करों और एएनएम को प्रशिक्षण दे चुके हैं उन्होंने बताया है बताया है कि उत्तर प्रदेश में शून्य से 19 वर्ष तक की उम्र के 14700 ब'चे प्रतिवर्ष कैंसर के शिकार होते हैं। यह आंकड़ा देश में सबसे अधिक है। इसके बावजूद प्रदेश में केवल 42 फीसदी कैंसर मरीज ही स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर पा रहे हैं, जबकि 58 फीसदी उपचार केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहे हैं कि इस जागरूकता के माध्यम से इलाज में होने वाली देरी व असमय मृत्यु को बहुत हद तक रोका जा सकता हैद्यइस अवसर पर उन्होंने ने आशा वर्करों और एएनएम से अपील की है कि हर माता पिता तक संदेश पहुंचना है कि ब'चों में होने वाले कैंसर का इलाज है और उन्होंने कहां है अगर किसी ब'चे में कैंसर के शुरुआती लक्षण दिखते हैं तो उसके अभिभावक हमारी कैनकिड्स संस्था उत्तर प्रदेश के स्?टेट्? हेल्प लाइन नंबर 9811284406 पर कॉल करके मदद ले सकता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

**खुटार।** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में सुआबोझ निवासी रियासुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां रियासुद्दीन की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

जिला लखीमपुर के थाना मैलानी के गांव सुआबोझ निवासी रियासुद्दीन 25 वर्ष रविवार को अपने निजी काम से खुटार आ रहे थे। खुटार गोला रोड जुड़ी सड़क के पास करीब 12 बजे उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे रियासुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर घायल को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बाइक चालक ने हेलमेट नहीं लगाया था।

# आठ फीट से ऊंचे ताजिए बनाने पर रोक

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** कोतवाली में मोहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सीओ प्रवीण मलिक और कोतवाल आरके रावत ने ताजिएदारों को आठ फीट से ऊंचे ताजिए न बनाने के निर्देश दिएरविवार को हुई इस बैठक में सीओ प्रवीण मलिक ने मुस्लिम समाज के लोगों से कहा कि आठ फीट से अधिक ऊंचाई वाले ताजियों से अक्सर हादसे होते हैं। उन्होंने सभी से त्योहार धूमधाम से मनाने, लेकिन ताजियों की ऊंचाई आठ फीट तक सीमित रखने की अपील की, ताकि किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। कोतवाली प्रभारी आरके रावत ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि जहां ताजिए रखे जाएंगे, वहां दो सिपाही निगरानी के लिए तैनात रहेंगे। सीओ ने यह भी स्पष्ट किया

**■ ताजिया मेले के लिए लेनी होगी परमिशन**

कि मोहर्रम के दिन मेला लगाने के लिए अनुमति लेनी होगी और कोई नई प्रथा नहीं चलाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई।

बैठक के बाद सीओ प्रवीण मलिक ने कोतवाली का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क और कोतवाली परिसर का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# अवैध खनन में चार ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन को लेकर उठ रही चर्चाओं के बीच शनिवार देर रात प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ लीं।कार्रवाई के दौरान खनन में लगे अन्य वाहन और जेसीबी मशीनें अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गईं। प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

क्षेत्र में पिछले कई दिनों से अवैध मिट्टी और बालू खनन की चर्चाएं जोरों पर थीं। ग्रामीणों का आरोप था कि रात के अंधेरे में लगातार खनन किया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद थे। हालांकि शनिवार रात करीब दो बजे एसडीएम जीत सिंह राय और प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने पुलिस टीम के साथ तिलहर-निगोही मार्ग स्थित गांव रटा पुल के पास अचानक छापेमारी कर दी।प्रशासन की टीम को देखते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। खनन में लगे कई वाहन चालक ट्रैक्टर-ट्रालियां और जेसीबी मशीनें लेकर भाग निकले।पुलिस ने पीछा कर दो मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां और दो बालू से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में ले लिया।जांच के दौरान जब वाहन चालकों से खनन संबंधी परमिशन और वैध दस्तावेज मांगे गए तो कोई भी आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका इसके बाद एसडीएम ने चारों ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर पुलिस के हवाले कर दिया।साथ ही पूरे मामले की रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई है, जिससे संबंधित लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा सके।क्षेत्र में चर्चा है कि अवैध खनन का खेल लंबे समय से जारी था और शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहे थे। शनिवार रात हुई कार्रवाई के बाद यह सवाल भी उठने लगे हैं कि आखिर अब तक खनन माफिया किसके संरक्षण में बेखौफ होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे थे।एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। मौके से दो मिट्टी और दो बालू से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ी गई हैं। मामले की रिपोर्ट खनन अधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

और बताया खनन की परमिशन है तो वाहनों के आगे खनन का स्टीकर होना चाहिए और सुबह 7:00 से शाम 7:00 बजे तक खनन हो सकता है वह भी वाहनों के आगे खनन करने वाले वाहनों का नंबर खनन के वाहन चालक का नाम और खनन की अवधि की तारीख होना अनिवार्य है।

# कांग्रेस की बैठक में चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन



**शाहजहांपुर।** ज़िला कांग्रेस कमेटी की मासिक कांग्रेस कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। जिसमें ज़िला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से विगत दिनों में जो भी जनआंदोलन किए चाहे वो

**■ एनएसयूआई ने अमेरिका का झंडा फूंका**

शहीदों का प्रकरण हो स्मार्ट मीटर की समस्या हो कटरा नगर पंचायत उप चुनाव में धांधली का मामला हो या फिर मंहगाई का मुद्दा रहा हो कांग्रेस ने जनहित में हर मुद्दे को सड़क पर जोरदार तरीके से उठाया।इसी प्रकार आगे भी ये क्रम जारी रहेगा।नि. प्रदेश सचिव अनूप वर्मा ने बताया कि अंडमार निकोबार दीप समहू को बचाने के लिए 8 जून से 15 जून तक पूरे जनपद में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, नि0 प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार,पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने भी अपने विचार रखे।समीक्षा बैठक में युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया,एनएसयूंआई अध्यक्ष रफी उल हसन, अल्प संख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सईद अंसारी,किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुणोद मिश्रा, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, पूनम पांडेय,अतीत बागी, बिंदेश्वरी राज, ज़िला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला,दिनेश कुमार,प्रेम प्रकाश वाल्मीकि,अनिल श्रीवास्तव, ज़िला महासचिव संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, उन्नत मिश्रा मुल्लू,रामजी शुक्ला,तस्दीक अंसारी,मनीष कोरी,फरमान खान,अब्दुल सत्तार लाले,रानी पांडे,शबनम बेगम,अजय पाठक,प्रवीण त्रिपाठी,डॉक्टर जाने आलम,फहाद अली खान,अच्छन खान, सैय्यद तनवीर,आशीष तिवारी,गौतेंद्र सिंह,रंजीत सिंह, ओमपाल यादव,ओमवेंद यादव,फिरोज अली,तालिब खान,महेंद्र त्रिपाठी, नौशाद कुरैशी,यूसुफ अली खान, पावरू सिंह चौहान,इक़बाल अंसारी, अखिलेश पाल,संतोष गुप्ता,विजय सिंह,जसवीर कौर,दानिश शोख,आलोक शर्मा,धर्मेंद्र सिंह,उपेंद्र मिश्रा,ताहिर खान,उमेश चंद्र शुक्ला, अहमन खान,परवेज अहमद,अयान खान,सुनील कुशवाहा, नक्षत्रपाल सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।संचालन उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी ने किया। एनएसयूआई ने अमेरिका का झंडा फूंका और कहा कि अमेरिका के लोगों ने भारत के तिरंगे का अपमान किया है जो बर्दाश्त नहीं होगा।

## खबर एक नजर

### संपूर्ण समाधान दिवस में आई 36 शिकायत 10 निस्तारित

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी प्रभात राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें आज कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया इस दौरान शेष शिकायतों को इस आशय के साथ संबंधित विभागों को सौंपा गया है कि समय रहते गुणवत्ता युक्त तरीके से शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। आज संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस, बिजली विभाग आदि की सर्वाधिक शिकायत प्राप्त हुई है जिसमें एसडीएम प्रभात राय ने शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करने के निर्देश दिए हैं इस दौरान शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी अहम बताई गई है संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे, तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रमेश चंद मिश्रा, एडीओ आईएसबी ज्ञानेंद्र सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव विजय राज सिंह, पूर्ति निरीक्षक रामनाथ मौर्य, राजीव रंजन, कोतवाल अरविंद सिंह चौहान, एसओ अल्हागंज ओम प्रकाश, खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी, वन विभाग, बिजली विभाग आदि विभागों के लोग मौजूद रहे।

### जिला बदर अपराधी को पुलिस ने जनपद की सीमा के बाहर छोड़ा

**ददरौल संवाददाता।** चौक कोतवाली पुलिस ने कांशीराम कालोनी निवासी करन गुप्ता पर जिला बदर की कार्रवाई कराते हुए जनपद की सीमा से बाहर छोड़ दिया है। छह माह तक जनपद की सीमा के भीतर दिखाई देने पर अभियोग पंजीकृत कराकर अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इंस्पेक्टर कोतवाली चौक प्रदीप राय ने बताया कि चौक कोतवाली इलाके की कांशीराम कालोनी निवासी करन गुप्ता के खिलाफ चोरी, मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाना समेत कुल आठ अभियोग पंजीकृत हो चुके हैं। आरोपी की हिस्ट्रीशीट भी खुली हुई है। पूर्व में भी आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट जैसी कार्रवाई की गई। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं आया। अब करने के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई थी। वहां से स्वीकृति मिलने के उपरांत एसआई मोहसिन अली ने करन को जनपद कि सीमा से बाहर लखीमपुर खीरी के बार्डर पर छोड़ दिया है। उसे सख्त हिदायत दी गई है कि यदि छह माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश किया तो अभियोग पंजीकृत कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

### अटल सभागार में टेंट लगाते समय करंट लगने से तीन मजदूर घायल, बड़ा हादसा टला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** अटल सभागार में उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ मजदूरबिंली के करंट की जड़ में आ गए और जमीन पर आ गिरे जिन्हें गंभीरावस्था में मेडिकल कालेज ले जाया गया।जानकारी के अनुसार अटल सभागार परिसर में कार्यक्रम के लिए टेंट लगाया जा रहा था। इसी दौरान टेंट लगाने में प्रयुक्त लोहे का पाइप पास से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन से छू गया। पाइप में करंट उतर आने से वहां काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए और झुलसकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार समय रहते पाइप को अलग कर दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। फिलहाल घायलों की स्थिति और घटना के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर जानकारी एकत्र की जा रही है।

# महासभा 14 को निकालेगी योग व स्वास्थ्य जागरूकता रैली



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय कश्यप महासभा संबद्ध कश्यप राजपूत समाज समाज समिति सिंजई के तत्वाधान में मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए सभी ने जोर दिया गया।

**■ समाज के उत्थान के लिए कार्य करने पर सभी ने दिया जोर**

समाज को स्वस्थ रखने के लिए अखिल भारतीय कश्यप महासभा एक जागरूकता रैली निकालेगी। जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्रकश्यप ने कहा कि 14 जून रविवार को सुबह 5.30 बजे कैंट में सेलिब्रेशन लॉन के पास सभी लोग एकत्र होगे । इसमें सभी लोग शामिल होंगे चाहे बच्चे हो बुजुर्ग व यंग लोग सभी लोग रैली निकाल कर योग करने को जागरूकता परक संदेश दिया जाएगा जिससे लोग निरोगी रहें। क्योंकि 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा इसलिए डॉक्टर मधुर कश्यप ने रैली निकालने और जगरूकता फैलाने के लिए रैली निकालने की बात कही थी जिसको लेकर सभी सहमत हो गए। इसके अलावा मेधावी छात्रों के सम्मान के लिए सभी ने अपने विचार व्यक्त किए।

जिसमें कैलाश नाथ कश्यप जी समाज को एकत्र करने पर जोर दिया समाज और समाज को नई दिशा देने पर बल दिया।

अशोक कश्यप एवं मदन लाल ने समाज के होने वाले छात्र प्रतिभा अलंकरण समारोह होने के के विषय पर चर्चा की। इंद्रपाल कश्यप व पंकज कश्यप बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल दिया। हरीश कश्यप ने समाज में फैली बैनस्यता को दूर करके इन कुरीतियों को समाज से दूर करना ही होगा, तभी समाज का उत्थान होगा समाज सामाजिक एकता का परिचय देकर समान अधिकार पाना,संचालन संजय कश्यप , अनिल कश्यप महेश कश्यप, ठाकुर दास कश्यप,एड मीनाक्षी कश्यप, प्रशांत कश्यप बाबूराम कश्यप अजय कश्यप, रामस्वरूप कश्यप विनोद कश्यप, जितेंद्र कुमार जसराम कश्यप आदि सभी सदस्य गण शामिल हुए।

# युवती का शोषण करने का आरोप

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र की एक युवती ने गैर समुदाय के युवक पर हिंदू नाम बताकर प्रेमजाल में फंसाने, वर्षों तक शोषण करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर रविवार सुबह अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल और हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी युवती को लेकर कोतवाली पहुंचे तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब आठ वर्ष पहले एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात धर्मपुर कंजा निवासी अतीक से हुई थी, जिसने अपना नाम आरव बताया था। आरोप है कि बाद में युवक ने उसे बहला-फुसलाकर बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर कई वर्षों तक उसका शोषण किया। युवती का आरोप है कि उस पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव भी बनाया गया तथा जातिसूचक टिप्पणियां कर प्रताड़ित किया गया।पीड़िता ने बताया कि मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर उसने दो बार आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया, जिसके बाद उसका उपचार मेडिकल कॉलेज में कराया गया। रविवार को मामले की जानकारी सार्वजनिक होने पर विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

# वेंडरों ने लोको पायलट को पीटा, खड़ी रही ट्रेन






**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** मुरादाबाद डिविजन के रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तैनात राजेंद्र कुमार संडीला जनता एक्सप्रेस लेकर लखनऊ से मुरादाबाद के लिए चले आलमनगर रेलवे स्टेशन पर लघु शंका करने के लिए ब्रेक में गए ब्रेक में कुछ अवैध वेंडर बैठे हुए थे जिनको निकालने के लिए कहा इसी बात पर वाद विवाद हुआ वाद विवाद इतना बढ़ गया एक बंदर ने बड़ा पत्थर उठाकर राजेंद्र कुमार पर हमला कर दिया राजेंद्र कुमार घायल होगा ट्रेन के सिंगल डाउन होने पर जब ट्रेन नहीं चली तो ट्रेन मैनेजर प्रेम ने बाकी ताकि से जानकारी ली तो सहायक लोको पायलट ने बताया ड्राइवर साहब के चोट लग गई है ड्राइवर साहब नहीं जा पाएंगे ट्रेन मैनेजर और सहायक लोको पायलट ने मारपीट की सूचना स्टेशन मास्टर और कंट्रोल को दी कंट्रोल के आदेश पर दूसरा लोको पायलट लखनऊ चारबाग से लाया गया जिस कारण 103 मिनट ट्रेन आलमनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही लोको पायलट के साथ मारपीट की सूचना मिलते ही जगह-जगह धरना प्रदर्शन होने लगे और कार्रवाई की मांग की जाने लगी इससे पहले भी कई बार हापुर गाजियाबाद सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी((किसने क्या कहा जनता एक्सप्रेस के लोको पायलट के साथ मारपीट की सूचना मिली है कहीं कोई धरना प्रदर्शन नहीं हो रहा है मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है सीनियर डीसीएम उमेश यादव उत्तर रेलवे मुरादाबाद)) ( लोको पायलट के साथ मारपीट की सूचना मिली है वेंडर को पकड़ लिया गया है लोको पायलट का रेलवे अस्पताल में इलाज चल रहा है अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है धर्मवीर सिंह जीआरपी थाना प्रभारी उत्तर रेलवे लखनऊ)

# ध्यानोत्सव से मिलेगा मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन का संदेश

## रामचंद्र मिशन योगाश्रम में 12 से 14 जून तक होगा आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** आधुनिक जीवनशैली की आपाधापी, प्रतिस्पर्धा और बढ़ते मानसिक दबाव के कारण आज अधिकांश लोग तनाव, अनिद्रा, मानसिक असंतुलन और आंतरिक अशांति जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में आत्मिक शांति, भावनात्मक संतुलन और मानसिक ऊर्जा के पुनर्संचयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्री रामचंद्र मिशन की ओर से 12, 13 और 14 जून को भव्य 'ध्यानोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। मिश्रीपुर स्थित श्री रामचंद्र मिशन योगाश्रम में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन में हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से मन, बुद्धि और चेतना को संतुलित करने की विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। प्रतिभागियों को ध्यान अभ्यास कराकर आत्मिक जागरूकता, भावनात्मक परिष्कार और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव भी कराया जाएगा।

रामचंद्र मिशन योगाश्रम में आज आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में कार्यक्रम की संयोजक एवं मिशन की जोन प्रभारी शालिनी मेहरोत्रा ने बताया कि ध्यानोत्सव का मूल उद्देश्य व्यक्ति के अंतर्मन में दया, करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व की भावनाओं का विकास करना है, ताकि जीवन और कार्य के बीच संतुलन स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि ध्यान केवल आध्यात्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान बच्चों के लिए 'ब्राइटर माइंड शो' का विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक क्षमता को विकसित करने से जुड़ी गतिविधियाँ प्रस्तुत की जाएंगी। इसके अतिरिक्त पूज्य बाबूजी महाराज पर आधारित वृत्तचित्र तथा भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। शालिनी मेहरोत्रा ने बताया कि ध्यानोत्सव में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

इच्छुक प्रतिभागियों को पूर्व पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो साधक तीनों सत्रों में सहभागिता करेंगे, उन्हें श्री रामचंद्र मिशन की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। बैठक ए के गर्ग, आनंद मिश्रा, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, संजय सक्सेना, प्रवीण बाजपेई, कृष्णा भारद्वाज,सुनीता सिन्हा ,मदनेश कुमार, प्रवेश मिश्रा, अभिषेक कुमार, रजनीश कुमार, आलोक, सहित तमाम अभ्यासी मौजूद रहे।

# नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का मंत्री ने किया उदघाटन

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** तहवरगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें किट वितरित की। केंद्र परिसर में हरिशंकरी वाटिका की भी स्थापना की गई।

**■ उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें किट वितरित की**

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा प्रदेश सरकार की ओर हर वर्ग का ध्यान में रखते हुए योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ग्राम प्रधान पति भाजपा नेता रूपराम वर्मा ने मंत्री सुरेश खन्ना का पटका पहनाकर तथा देव प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इसके बाद उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम के तहत आवश्यक किट का वितरण किया। इस दौरान केंद्र परिसर में हरीशंकरी वाटिका की स्थापना करते हुए पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख राजाराम वर्मा, खंड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ, एडीओ पंचायत, एडीओ एसबी, अजय मिश्रा, रोहित गुप्ता, सुरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एनबीडब्ल्यू/वांछितों 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** थाना जलालाबाद पुलिस ने 16 वांछित/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एनबीडब्ल्यू/वांछितों को जलालाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।ग्राम सरायं साधौ निवासी लल्ला पुत्र हंसराम कंजर, चंदौरा बहादुरपुर निवासी कुलदीप उर्फ सोनू पुत्र रामसागर व मोनू उर्फ प्रदीप पुत्र रामसागर व ध्रुव पुत्र नन्हे उर्फ उमाकांत, सरायं साधौ के ही बरिया पुत्र लल्लू यहीं के अर्जुन पुत्र अमर सिंह ग्राम रौली बौरी निवासी अयूब पुत्र मुराद अली व चिकने पुत्र अयूब व गुदल्ले पुत्र अयूब, कस्बे के मोहल्ला कानून गोयान निवासी मदन पुत्र कल्लू, ग्राम नगरिया भूड़ निवासी सच्चेराम पुत्र मदनपाल, ग्राम नगरिया बुजुर्ग निवासी रामकिशोर पुत्र सोहन पाल, ग्राम शाहपुर निवासी संदीप पुत्र गिरीश पाल, ग्राम ककराला निवासी रामलड़ैते पुत्र तिलकराम, ग्राम हरेवा निवासी रामकुमार पुत्र लल्लू एवं ग्राम दुमकापुर निवासी बालिस्टर पुत्र तुलसीराम सहित 16 एनबीडब्ल्यू /वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में अरविंद सिंह चौहान प्रभारी निरीक्षक, रवि शंकर सिंह यादव अपराध निरीक्षक, शक्तावत सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक, सुधीर कुमार, पवन कुमार, अतुल कुमार, यशपाल सिंह, गौरव सिंह, देवेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, रीगल चौधरी उप निरीक्षक व कुलदीप कुमार, दिनेश कुमार, सौरभ कुमार, प्रेमवीर, सुधीर कुमार, राजकुमार, सूरज कुमार, विमल कुमार, कुनाल, अश्वनी कुमार सिपाही शामिल हैं।

# जिला प्रभारी मनोनीत की गईं वर्षा गोस्वामी



**शाहजहांपुर।** सामाजिक संस्था वी आई पी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स ने संगठन विस्तार के तहत वर्षा गोस्वामी को शाहजहांपुर जनपद का जिला प्रभारी मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर संगठन पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। वर्षा गोस्वामी वर्तमान में आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरमैन तथा लिबरल मीडिया की स्तंभकार हैं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में उनके समर्पण, सक्रियता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में जिले में संस्था की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। जिला प्रभारी बनाए जाने पर वर्षा गोस्वामी ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संस्था की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि जनसेवा, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



# मुठभेड़ में अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**● तीन चोरी की बाइक, तमंचा और बाइक काटने के उपकरण बरामद**

स्वतंत्र भारत

**भरखनी/हरदोई।** पचदेवरा थाना पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद गैंग के सरगना समेत चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गिरोह के सरगना नूर मोहम्मद उर्फ जरैन्द के पैर में गोली लग गई, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें, अवैध हथियार और बाइक काटने के उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि चांदपुर मोड़ के पास स्थित एक बाग में कुछ लोग चोरी की मोटरसाइकिलों को काटने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गैंग के मुख्य सरगना नूर मोहम्मद उर्फ जरैन्द के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिनमें एक बाइक कटी हुई अवस्था में मिली। इसके अलावा एक 315 बोर का तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा बाइक काटने में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरण भी बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे हरदोई और शाहजहांपुर की गल्ला मंडियों, मेलों और बाजारों से



मोटरसाइकिल चोरी करते थे। बाद में उन्हें सुनसान बागों में ले जाकर काटकर उनके पुर्जे बेच देते थे। आरोपियों ने 31 मई को शाहाबाद स्थित इफको खाद गोदाम से किसान नेकराम की मोटरसाइकिल चोरी करने की बात भी स्वीकार की।

पुलिस के मुताबिक नूर मोहम्मद उर्फ जरैन्द के खिलाफ हरदोई, खीरी और शाहजहांपुर जनपदों में चोरी, लूट और डकैती के नौ मुकदमे दर्ज हैं। उसके साथी शिवनाथ के खिलाफ भी सात आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपियों की निशानदेही पर लोनार और शाहाबाद क्षेत्र की कई वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सकता है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बेनीगंज में तिरंगा चौक और सेल्फी पॉइंट निर्माण की मांग तेज, सभासदों ने रखा प्रस्ताव



**बेनीगंज, हरदोई।** नगर पंचायत बेनीगंज में तिरंगा चौक और आधुनिक सेल्फी पॉइंट के निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में नगर पंचायत के सभासदों ने वरिष्ठ लिपिक जे.बी. सिंह से मुलाकात कर नगर क्षेत्र में दोनों स्थलों के निर्माण का प्रस्ताव रखा। सभासदों का कहना है कि तिरंगा चौक का निर्माण नगर की पहचान को नई ऊंचाई देगा और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करेगा। वहीं आधुनिक सेल्फी पॉइंट युवाओं, स्थानीय नागरिकों तथा नगर में आने वाले आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इससे नगर की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ लोगों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थल भी उपलब्ध होगा। वरिष्ठ लिपिक जे.बी. सिंह ने मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए बताया कि तिरंगा चौक और सेल्फी पॉइंट का संयुक्त रूप से निर्माण कराने की योजना पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभासदों और नागरिकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए सबसे पहले उपयुक्त स्थान का चयन किया जाएगा, ताकि नगर के अधिकतम लोगों को इसका लाभ मिल सके। स्थान चिन्हित होने के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर शासन से स्वीकृति प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि तिरंगा चौक और सेल्फी पॉइंट के निर्माण से बेनीगंज को नई पहचान मिलेगी। साथ ही यह स्थल भविष्य में सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय आयोजनों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। नागरिकों में इस प्रस्ताव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और लोग इसे नगर के सौंदर्यीकरण एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं।

# सर्पदंश से बालिका की मौत का मामला जांच में निकला हत्याकांड

स्वतंत्र भारत

**संडीला।** कोतवाली क्षेत्र की मीतो ग्रामसभा के मजरा समदखेड़ा में 19 वर्षीय किशोरी शुभी की मौत का मामला हत्याकांड के रूप में सामने आया है।

जिस मौत को पहले सामान्य घटना, सांप के काटने अथवा आत्महत्या के रूप में दिखाने की कोशिश की गई, पुलिस जांच में उसके पीछे की भयावह सच्चाई उजागर हो गई। पुलिस के अनुसार युवती की पीट-पीटकर हत्या की गई थी और इसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए सुनियोजित तरीके से पूरी कहानी गढ़ी गई। मामले में मृतका के पिता समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक 3 जून की रात शुभी बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। वह 4 जून की सुबह करीब चार बजे वापस घर लौटी। इसी बात को लेकर घर में विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि शुभी के पिता रामदयाल, उसके भाई मुनेश और सुरेश तथा मुनेश की पत्नी माधुरी ने उसे लेकर नाराजगी जताई और फिर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते मारपीट इतनी बढ़ गई कि शुभी की हालत



गंभीर हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मौत के बाद आरोपियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती घटना को छिपाने की थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि हत्या को प्राकृतिक मौत या आत्महत्या साबित करने के लिए पूरी पटकथा तैयार की गई। कपड़ा सिलने वाली सुई से मृतका के शरीर पर ऐसे निशान बनाए गए, जिससे लगे कि उसे सांप ने काटा था। इसके अलावा गले पर फांसी जैसे निशान बनाकर आत्महत्या का रूप देने की भी कोशिश की गई। आरोप है कि इसके बाद बिना किसी कानूनी प्रक्रिया और पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार गांव के बाहर बाग में कर दिया गया।

मामले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि मृतका की मां मिथिलेशा ने चुप रहने के बजाय पुलिस का दरवाजा खटखटाया। 7 जून को उन्होंने संडीला कोतवाली में तहरीर देकर पूरी घटना की जानकारी दी। तहरीर में उन्होंने अपनी पुत्री की हत्या किए जाने और घटना को छिपाने के लिए रची गई साजिश का आरोप लगाया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या, मारपीट, साक्ष्य छिपाने तथा सामूहिक आपराधिक कृत्य से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर रामदयाल, मुनेश, सुरेश और माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने घटना के बाद साक्ष्य मिटाने और मामले को दूसरी दिशा देने का प्रयास किया था।

इस मामले में एक और तथ्य चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार 6 जून की शाम गांव वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी, जिसके बाद पुलिस ने रामदयाल को हिरासत में लिया था। गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर मिथिलेशा अपनी छोटी बेटी शिवांकी के साथ संडीला बस अड्डा चौकी पहुंची, जहाँ स्थानीय पुलिस वाले उसे लेकर कोतवाली संडीला गए बाद में उनसे तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया गया।

# युवती आत्महत्या मामले में अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप, तीन पर मुकदमा दर्ज

**माधोगंज (स्वतंत्र भारत)।** थाना क्षेत्र के ग्राम क्योटी ख्वाजगीपुर में युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और धमकी देने के आरोप में एक युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि शुक्रवार को गांव निवासी रुचि का शव उसके कमरे में बांस से बंधी रस्सी के सहारे लटका मिला था। मामले में मृतका के भाई हिमांशु ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि कस्बा निवासी रचित पटेल उर्फ ललित ने बहला-फुसलाकर उसकी बहन के अश्लील वीडियो बना लिए थे। बाद में वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल करता था। तहरीर में कहा गया है कि इस संबंध में आरोपी के माता-पिता अभिलाषा और इंद्रजीत से भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। परिजनों का आरोप है कि घटना में उनकी भी भूमिका हो सकती है। आरोप है कि युवक ने घर पहुंचकर विवाद किया और युवती व उसके परिजनों को जान से मारने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इन घटनाओं से मानसिक रूप से परेशान होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रचित पटेल उर्फ ललित समेत तीन लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## रसोईया की सर्पदंश से मौत गांव में शोक

**भरखनी।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोधी में रविवार को एक हृदयविदारक घटना हो गई। स्कूल में बच्चों के लिए खाना बनाने वाली 60 वर्षीय माता रामश्री की सांप के काटने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोधी प्राथमिक विद्यालय में रसोइया के पद पर तैनात रामश्री, पत्नी स्वर्गीय रामनिवास प्रजापति, रविवार को अवकाश के दिन घर पर थीं। दोपहर के समय घर में छिपे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए शाहजहांपुर




लेकर जा रहे थे, लेकिन भाग्य को कुछ और ही मंजूर था। रास्ते में पड़ेचा/कांट के पास पहुंचते ही उनकी हालत गंभीर हो गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। इस आकस्मिक निधन से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। वहीं स्कूल के बच्चे और गांव वाले भी गमजदा हैं। रोज बच्चों को अपने हाथ से खाना परोसने वाली रामश्री के चले जाने से शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों में भी शोक व्याप्त है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच कर रही है।

# एएसपी की पहल रंग लाई: आठ करोड़ की फैक्ट्री को लेकर बाप-बेटे का विवाद सुलझा

**● पुलिस और मीडिया की पहल से परिवार में लौटी खुशियां**

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** पारिवारिक और कारोबारी विवाद में उलझे पिता-पुत्र के बीच आखिरकार सुलह हो गई। करीब आठ करोड़ रुपये की संपत्ति से जुड़ा मामला पुलिस और मीडिया के सहयोग से सुलझा, जिससे एक परिवार टूटने से बच गया। मझिला पुलिस की लगातार दो दिन की मेहनत और समझाइश के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति पर पहुंच गए।

मामला थाना मझिला क्षेत्र से जुड़ा है। बलविंदर सिंह ने अपनी लगभग छ करोड़ रुपये की संपत्ति बेचकर पुत्र कमलजीत सिंह को शाहजहांपुर के यूपीसीडा क्षेत्र में डिस्पोजल फैक्ट्री स्थापित कराई थी। समय के साथ दोनों के बीच फैक्ट्री और कारोबार को लेकर मतभेद बढ़ गए। पिता को आशंका थी कि पुत्र गलत संगत में पड़कर फैक्ट्री बेच सकता है, जिससे उनके जीवनभर की पूंजी खतरे में पड़ जाएगी।

विवाद पुलिस और मीडिया तक पहुंचने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह के निर्देशन में मझिला पुलिस ने दोनों पक्षों की काउंसिलिंग शुरू कराई। लगातार दो दिन तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने लिखित समझौता कर लिया।

समझौते के अनुसार शाहजहांपुर स्थित फैक्ट्री को भविष्य में बेचने की स्थिति में पिता बलविंदर सिंह की सहमति आवश्यक होगी। फैक्ट्री की बिक्री से प्राप्त धनराशि में दोनों पक्षों की हिस्सेदारी रहेगी। फैक्ट्री संचालित रहने तक पिता द्वारा लिए गए ऋण का भुगतान पुत्र करेगा। इसके अलावा पिता के रिश्तेदारों और मिलने-जुलने वालों पर किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं की जाएगी। समझौते में यह भी तय हुआ कि पुत्र कमलजीत सिंह पिता के खर्च के लिए प्रतिमाह 20 हजार रुपये उपलब्ध कराएगा। दोनों पक्षों ने समझौते की सभी शर्तों का पालन करने की सहमति जताई है। किसी भी पक्ष द्वारा उल्लंघन किए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली और मीडिया की सकारात्मक भूमिका की सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते हस्तक्षेप न होता तो विवाद गंभीर कानूनी लड़ाई में बदल सकता था।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनीं अभिलाषा दीक्षित

**हरदोई।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत अवस्थी ने अभिलाषा दीक्षित को राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा महिला मोर्चा, हरदोई का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित चंचल त्रिवेदी ने अभिलाषा दीक्षित को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अभिलाषा दीक्षित ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

साथ ही संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेंगी। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि अभिलाषा दीक्षित के नेतृत्व में महिला मोर्चा हरदोई में संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगा तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# गंभीर एनीमिया ग्रसित गर्भवती के उपचार में एफसीएम इंजेक्शन की एक डोज पर्याप्त

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** गर्भवती महिलाओं में खून की कमी से होने वाली जटिलताओं को कम करने के लिए सण्डीला, हरपालपुर, पिहानी और बिलग्राम प्रथम संदर्भन इकाइयों में इंजेक्शन एफसीएम की सुविधा शुरू की गई है। जो की गर्भवती महिलाओं को भर्ती कर ड्रिप के माध्यम से दिया जाता है इस इंजेक्शन का प्रयोग पूर्णतया सुरक्षित है एवं कोई दुष्प्रभाव देखने में नहीं आया है इस पहल का उद्देश्य गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को प्रभावी एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराना है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पांडे ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत पिछले



माह सण्डीला एफआरयू से की गई थी, जहां 4 जून 2026 तक 13 गर्भवती महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन लगाया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गर्भावस्था में एनीमिया का एक प्रमुख कारण आयरन की कमी है। ऐसे मामलों में चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार एफसीएम एक सुरक्षित एवं प्रभावी विकल्प साबित हो सकता है। इस संबंध में चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्सों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि उपचार प्रक्रिया को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। डॉ. पांडे ने बताया कि पहले गंभीर एनीमिया की स्थिति में गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज की 5 डोज देनी पड़ती थीं, जबकि एफसीएम के माध्यम से अब अधिकांश पात्र मामलों में केवल एक डोज में उपचार संभव हो गया है। इससे शरीर में आयरन की कमी को तेजी से पूरा करने में मदद मिलती है और महिलाओं को बार-बार अस्पताल आने की आवश्यकता भी कम पड़ती है। उन्होंने कहा कि यह पहल सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की सुविधा और उपचार की गुणवत्ता में भी सुधार लाएगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही यह सुविधा जनपद के अन्य एफआरयू तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए हरदोई डिपो की बडी तैयारी चलाई जाएंगी 200 अतिरिक्त बसें

**हरदोई।** कल होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने आ रहे भविष्य के प्रहरियों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के हरदोई क्षेत्र ने पक्का इंतजाम कर दिया है। जिला प्रशासन और परिवहन निगम के आला अधिकारियों ने मिलकर ऐसी अभेद्य और सुगम व्यवस्था तैयार की है, जिससे परीक्षा देने आ रहे युवाओं को घर जैसा अहसास होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा इस पूरी व्यवस्था के 'महानायक' बनकर उभरे हैं। डीएम के आदेश मिलते ही उन्होंने कागजी फाइलों से निकलकर जमीन पर मोर्चा संभाल लिया। गौरव वर्मा की दूरदर्शी सोच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने छात्रों के ठहरने के लिए न केवल रैन बसेरों को 24 घंटे चालू रखने का इंतजाम किया, बल्कि इंक्वायरी काउंटर और एटीम पर भी 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की है। सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्होंने डिपो परिसर में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की तैनाती भी करवा दी है। लखनऊ, कानपुर, बरेली, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद और सीतापुर के लिए हमारी 24 घंटे अतिरिक्त सेवाएं चालू रहेंगी। यदि कहीं भी यात्रियों का दबाव बढ़ा, तो इमरजेंसी बैकअप प्लान तुरंत एक्टिव हो जाएगा। छात्र सिर्फ परीक्षा की चिंता करें, सफर की जिम्मेदारी हमारी है। हरदोई डिपो के प्रभारी वैभव रघुवंशी भी जमीन पर डटे हुए हैं। डिपो परिसर को चमकाने से लेकर शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर दुरुस्त कराने तक, वैभव खुद हर एक व्यवस्था को अपनी देखरेख में फाइनल टच दे रहे हैं। वैभव रघुवंशी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हमारे कर्मचारी इस राष्ट्रीय जिम्मेदारी के लिए 24 नहीं, बल्कि '25वें घंटे' भी काम करने को तैयार हैं। मैं खुद बसों की सीटों की सफाई, चालकों-परिचालकों का छात्रों के प्रति मधुर और सहयोगी व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए औचक निरीक्षण करूंगा। रोडवेज परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहेगा ताकि दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा के दौरान किसी को रत्ती भर भी असुविधा न हो। कल का सफर छात्रों के लिए बेहद सुगम होने जा रहा है। सूत्रों की मानें तो डिपो प्रशासन ने अपनी तरफ से छात्रों के स्वागत, बैठने के लिए उचित छांव और ओआरएस या ठंडे पानी के विशेष स्टॉल लगाने की भी तैयारी है।

# उमरौली में राज्यमंत्री ने लगाई रात्रि चौपाल, सुनीं जनसमस्याएं

**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 12 वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक चलाए जा रहे वृहद जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शनिवार को शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड टोडरपुर की ग्राम पंचायत उमरौली में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने की।

रात्रि चौपाल में राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद वंचित न रहे। राज्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, प्रभावी और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्याम बाबू त्रिवेदी, परियोजना निदेशक ए.के. मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, डीएसटीओ



राम प्रकाश, खंड विकास अधिकारी अरविंद राजपूत, नायब तहसीलदार प्रणव पाण्डेय तथा प्रधान प्रतिनिधि अवनीश अग्निहोत्री सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रात्रि चौपाल के उपरांत राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने लोगों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण करने की भी अपील की।

## निघासन सदर इलेवन विजयी, दूसरे मुकाबले में विवाद

**निघासन-खीरी।** थाना मझगई क्षेत्र के बम्हनपुर स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज मैदान में स्वर्गीय शत्रुहन प्रसाद वर्मा एवं श्रीमती स्नेह लता वर्मा मेमोरियल नॉकआउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार रात आयोजक एवं मुख्य अतिथि डॉ. धीरेंद्र वर्मा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मुकाबले में निघासन सदर इलेवन ने खालसा इलेवन को हराकर शानदार जीत दर्ज की, जबकि दूसरे मैच में अंपायर के फैसले को लेकर विवाद होने से मुकाबला अधूरा रह गया। पहले मैच में खालसा इलेवन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी, लेकिन पूरी टीम 59 रन पर सिमट गई। कप्तान अनुज जायसवाल ने 24 रन बनाए। निघासन सदर इलेवन की ओर से राजा ने दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि अफजल ने दो विकेट और जय उर्फ धीरू ने एक विकेट हासिल किया। जवाब में निघासन सदर इलेवन ने लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राजा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विशाल इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से उन्हें हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। दूसरे मुकाबले में राजा इलेवन ने 10 ओवर में 83 रन बनाए। जवाब में खेल रही मोना इलेवन को जीत के लिए नौ गेंदों पर सात रन चाहिए थे, तभी अंपायर के फैसले को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों टीमों के खिलाड़ी और दर्शक आमने-सामने आ गए, जिससे मैच रोकना पड़ा। इस अवसर पर संतोष शुक्ला, प्रदीप गुप्ता, सुनील मौर्य, अनूप जायसवाल, गुड्डू मौर्य, केके मौर्य, दिवाकर त्रिपाठी, शान मोहम्मद और शहंशाह आलम मौजूद रहे। स्कोरिंग बॉबी व सचिन ने, अंपायरिंग संतोष कश्यप व पारुल जायसवाल ने तथा कमेंट्री मोहित जायसवाल, मुकेश गुप्ता और अनुज सिंह ठाकुर ने की।

## ऑटो पलटने से ड्राइवर घायल

**मल्लावां।।** थाना क्षेत्र के राघोपुर से सिरधरपुर जा रहा एक सीएनजी ऑटो रविवार को अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के समय ऑटो में पानी की थैलियां लदी हुई थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमल निवासी सिरधरपुर पानी की थैलियां लेकर राघोपुर से अपने गांव सिरधरपुर जा रहा था। रास्ते में किसी कारणवश उसका सीएनजी ऑटो अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक कमल को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए राघोपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। दुर्घटना में ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# हरदोई के डिजिटल ठगों का 'साउथ कनेक्शन'

**पाली,हरदोई।** ऑनलाइन नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को अब केवल फर्जी कंपनियों से ही नहीं, बल्कि राज्य की सीमाएं लांघकर बैठे शातिर ठगों से भी सतर्क रहने की सख्त जरूरत है। इंटरनेट पर फैला ठगी का जाल इतना गहरा है कि उत्तर प्रदेश का एक युवक आंध्र प्रदेश के तिरुपति में बैठी एक महिला को अपनी मीठी बातों में फंसाकर उसके बैंक खाते को खाली कर देता है।मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के सिलगवां गाँव के एक युवक ने 'नौकरी दिलाने' के नाम पर आंध्र प्रदेश की महिला के साथ लाखों की ठगी को अंजाम दिया।पीड़िता, रेमा मॉरिस, जो तिरुपति आंध्र प्रदेश की रहने वाली हैं, ने जब इस डिजिटल लूट के खिलाफ नेशनल सायबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, तो जांच की आंच यूपी के पाली तक पहुँच गई। स्थानीय थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि सायबर सेल और मोबाइल सर्विलांस की मदद से आरोपी की पहचान अंकित, पुत्र सुमेर सिंह, निवासी- सिलगवां के रूप में हुई है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अंकित ने अपने साथी के साथ मिलकर महिला को झांसे में लिया और नौकरी के प्रोसेस के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल ?98,000 अपने खाते में डलवा लिए। जब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ, तब तक वह अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा चुकी थी।पाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी अंकित और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की विशेष टीमें अब इन सायबर लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

## पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

### अवैध तमंचा और बाइक बरामद



स्वतंत्र भारत

**निघासन-खीरी।** पढुआ थाना पुलिस ने रविवार सुबह दहेज हत्या के आरोपी पति को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव ढखेरवा खालसा में दो दिन पूर्व एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। सिंगाही थाना क्षेत्र के झाला मोहल्ला निवासी सिराजुद्दीन की 25 वर्षीय पुत्री शहनाज का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व ढखेरवा खालसा निवासी मैकू के पुत्र राबिन अली के साथ हुआ था। मायके पक्ष के अनुसार 5 जून की सुबह उन्हें शहनाज की मौत की सूचना मिली थी। परिजनों ने मृतका के सिर पर गंभीर चोट के निशान होने की बात कही थी। घटना की सूचना पर सीओ शिवम कुमार और पढुआ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इसके बाद महिला के पिता सिराजुद्दीन की तहरीर पर आरोपी पति राबिन अली के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

एसओ मोहित पुंडीर ने बताया कि शनिवार देर रात ढखेरवा खालसा गन्ना सेंटर तिराहे के पास घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, तमंचे की नाल में फंसा जिंदा कारतूस तथा एक बाइक बरामद की गई। कार्रवाई में एसआई जुबेर अहमद, चौकी प्रभारी पुष्कर वर्मा सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# मुहर्रम की तैयारियों को लेकर अमीरनगर में पीस कमेटी की बैठक

### ताजिया की ऊंचाई पर प्रशासन और ताजियादारों में बनी असहमति

स्वतंत्र भारत

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के अमीरनगर कस्बे में मुहर्रम के ताजिया और मेले को लेकर पीस कमेटी की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ताजिया जुलूस और मेले के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में राजगढ़, रसूलपुर, देवरिया, यासीनपुर, नौवांखेड़ा, मथना, गरदहा, ढाका मुजफ्फरपुर, मोहम्मदपुर छतुरी, बसतौली, सरैया विलियम समेत कई गांवों के सैकड़ों ताजियादार मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए तथा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने ताजियों की ऊंचाई 10 से 12 फीट तक सीमित रखने की अपील करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है और किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लिया जाना चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने भी ताजियों की अधिकतम ऊंचाई 12 फीट निर्धारित होने की जानकारी दी। हालांकि ताजियादारों ने इस पर असहमति जताते हुए कहा कि वे पिछले वर्ष की तरह मेला मैदान में उसी ऊंचाई के ताजिए स्थापित करना चाहते हैं।

इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय ने पुलिस टीम के साथ मेला मैदान और कर्बला शरीफ पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बैठक में कोतवाल मोहम्मदी उमेश कुमार चौरसिया, अमीरनगर चौकी प्रभारी तथा अन्य ताजियादार उपस्थित रहे।

# 15 वारंटी समेत 17 आरोपी किए गए गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत

**मैलानी-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित, वारंटी एवं अभ्यस्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक मैलानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 15 फरार गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) वाले आरोपियों सहित कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार वारंटियों में नेतराम निवासी बिलहइया, रविंद्र, वीरपाल व बलराम निवासी किशुनपुर, जंगबहादुर व अनुरुद्ध निवासी भगतपुर मजरा डाटपुर, महेंद्र निवासी शंकरपुर मजरा डाटपुर ग्रांट, सोहनलाल निवासी सिंघाताली, नन्हे निवासी नौगवां, सुरेश निवासी दुर्जनपुर, प्रहलाद व अरविंद निवासी कुकरा, गोविंद निवासी रायपुर ग्रांट नंबर-11, छिंदर उर्फ कूडू निवासी कुंवरपुर ग्रांट नंबर-10 तथा आशीष कुमार निवासी निपनिया शामिल हैं। इसके अलावा थाना मैलानी में दर्ज मुकदमा संख्या 106/2026, धारा 87, 137(2), 115(2), 351(2), 352, 127(3) एवं 142 बीएनएस से संबंधित दो वांछित अभियुक्त सत्यपाल पुत्र खेमकरन और मीना उर्फ मीरा पत्नी सत्यपाल, निवासी गंगापुर ग्रांट नंबर-10 को गंगापुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, उपनिरीक्षक अंकुर कुमार, उपनिरीक्षक अवलीश कुमार, हेड कांस्टेबल श्याम कुमार वर्मा, अमरीश पटेल, कांस्टेबल दिनेश कुमार, सौरभ कुमार, गौरव उज्ज्वल, शैलेंद्र कुमार तथा महिला आरक्षी कुबरा बी और शिवानी शामिल रहीं।

# बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों ने किया पावर हाउस पर प्रदर्शन

### जर्जर लाइनें बदलने और कर्मचारियों की तैनाती की मांग



स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** रामनगर फीडर क्षेत्र में लगातार खराब विद्युत आपूर्ति, जर्जर विद्युत लाइनें और कर्मचारियों की कमी से परेशान उपभोक्ताओं का रविवार को सब्र जवाब दे गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और उपभोक्ता विद्युत उपकेंद्र मितौली पहुंच गए और पावर हाउस परिसर में प्रदर्शन कर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम के नाम संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता मितौली को सौंपकर जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग की।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामनगर फीडर से जुड़े गांवों में लंबे समय से निर्धारित मानकों के अनुरूप बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। मामूली हवा या बारिश होने पर भी लाइनें ठप हो जाती हैं और कई-कई घंटे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती। जर्जर तारों और पुराने विद्युत उपकरणों के कारण बार-बार फाल्ट होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कर्मचारियों की भारी कमी है, जिसके चलते शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं हो पाता। कई बार बिजली खराब होने के बाद घंटों तक कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचता, जिससे लोगों को अंधेरे में रात बितानी पड़ती है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली संकट ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। ज्ञापन में रामनगर फीडर की जर्जर लाइनों को बदलने, खराब उपकरणों की मरम्मत कराने तथा पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की तैनाती की मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। अवर अभियंता मितौली ने उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# दोहरे हत्या कांड का वारंटी गिरफ्तार

- नाम बदलकर बाबा बन रह रहा था फरार
- चार वर्षों से अदालत में नहीं हो रहा था पेश

**खमरिया-खीरी।** स्वतंत्र भारत



ईसानगर पुलिस ने एक ऐसे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है, जो दो हत्याओं के मामलों में जमानत पर रिहा होने के बाद पिछले करीब चार वर्षों से अदालत में पेश नहीं हो रहा था। गिरफ्तारी के बाद सामने आई जानकारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, ईसानगर क्षेत्र के मिश्रगांव जमदरी निवासी 58 वर्षीय बत्तम वर्षों पहले दो अलग-अलग हत्या के मामलों में जेल में निरुद्ध था। करीब चार वर्ष पूर्व वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। आरोप है कि इसके बाद उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए बत्तम की जगह सर्वोत्तम नाम रख लिया और बाबा का वेश धारण कर घर पर रहने लगा। वह साधु-संत का रूप धारण कर कानून की नजरों से बचते हुए न्यायिक प्रक्रिया से दूर रहने का प्रयास कर रहा था।

इसी बीच रविवार को अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे नवागत थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह को उसकी गतिविधियों की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसकी वास्तविक पहचान सामने आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बत्तम उर्फ सर्वोत्तम बाबा का नाम वर्षों पहले अलग-अलग समय पर हुई दो हत्याओं से जुड़ा रहा है। बताया जाता है कि जमानत पर रिहा होने के बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ, जिसके चलते न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी कर दिया था। पुलिस की इस कार्रवाई से मिश्रगांव जमदरी सहित आसपास के क्षेत्रों में पुराने चर्चित हत्या कांडों की यादें एक बार फिर ताजा हो गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने वारंटी राम आसरे (38) पुत्र कामेश्वर दयाल निवासी गुलरिया परबस्त नगर, थाना मोहम्मदी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

### शांति भंग की आशंका में तीन गिरफ्तार



**खमरिया-खीरी।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत ईसानगर पुलिस ने शांति भंग की आशंका में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, सभी के विरुद्ध शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पंकज एवं विनोद निवासी हसनपुर कटौली तथा जैकी निवासी रंजीतगंज, थाना ईसानगर शामिल हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार से अशांति फैलाने या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### उदित बने शतरंज प्रतियोगिता के विजेता

**गोलागोकर्णनाथ-खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज के गोवर्धन हॉल में आयोजित 'ओपन शतरंज प्रतियोगिता 2026' का सफल आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी रणनीतिक क्षमता तथा खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्विस प्रणाली पर आधारित इस प्रतियोगिता में कुल 5 राउंड खेले गए, जिनमें प्रत्येक खिलाड़ी को 10 मिनट का समय प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले और खिलाड़ियों ने अपनी बुद्धिमत्ता एवं एकाग्रता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में 16 वर्षीय उदित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं मात्र 6 वर्ष की आयु में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अभ्यम मिश्रा ने द्वितीय पुरस्कार अपने नाम किया। तृतीय पुरस्कार 36 वर्षीय सहर्ष मिश्रा को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि अभ्यम मिश्रा, सहर्ष मिश्रा के पुत्र हैं। पिता-पुत्र दोनों का विजेता सूची में स्थान बनाना प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज, समाजसेविका अनीता वर्मा, विद्यालय के प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार सुमन कनौजिया उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी 35 वर्षीय भगवान दास उर्फ भगन्ने पुत्र हरिचरण की शनिवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह बाइक से अपने एक रिश्तेदार को लेने अलीगंज जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 10 बजे लालबाग के पास उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भगवान दास की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सर्पदंश से दुधारू भैंस की मौत

**बिजुआ-खीरी।** विकास खंड बिजुआ के नौसर जोगी गांव में सर्पदंश से एक दुधारू भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक ने पोस्टमार्टम कराकर मुआवजे के लिए तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपा है। गांव निवासी सीताराम पुत्र लक्ष्मण प्रसाद की करीब पांच वर्षीय दुधारू भैंस घर के पास बंधी हुई थी। इसी दौरान उसे एक विषैले सर्प ने डस लिया। सर्पदंश के कुछ ही समय बाद भैंस की मौत हो गई। सीताराम ने बताया कि भैंस उनके परिवार की आय का प्रमुख साधन थी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद सीताराम ने पशु चिकित्साधिकारी से संपर्क कर भैंस का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में सर्पदंश को ही मौत का कारण बताया गया। उन्होंने आधार कार्ड और बैंक पासबुक की प्रतियां संलग्न कर क्षेत्रीय लेखपाल अजय गुप्ता को मुआवजे के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

# जनगणना कार्य का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

- सुपरवाइजर बदलने के निर्देश, अधूरे कार्य जल्द पूरा कराने पर जोर

स्वतंत्र भारत



**खमरिया-खीरी।** जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने के उद्देश्य से तहसीलदार आदित्य विशाल ने सोमवार को खमरिया, अल्लीपुर, मटरिया, समैसा सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर जनगणना कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों एवं संबंधित कर्मचारियों से संवाद कर कार्य की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने प्रगणकों को निर्देशित किया कि शेष कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए तथा सभी अभिलेख निर्धारित प्रारूप के अनुसार तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि स्वीकार्य नहीं है। सभी प्रपत्र सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ दो प्रतियों में तैयार किए जाएं। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि मटरिया, अल्लीपुर और परसिया क्षेत्र में जनगणना कार्य की निगरानी कर रहे सुपरवाइजर ओमवीर सिंह के उन्नाव जनपद स्थानांतरण के कारण कुछ कार्य प्रभावित हुआ है। इस पर तहसीलदार ने अधीनस्थ अधिकारियों को तत्काल नया सुपरवाइजर नामित कर अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना की प्रक्रिया बिना किसी बाधा के आगे बढ़ सके। तहसीलदार आदित्य विशाल ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें।

# आर्यसमाज के साप्ताहिक यज्ञ में धर्म और विज्ञान के संबंध पर हुआ विचार

**मोहम्मदी-खीरी।** आर्यसमाज का साप्ताहिक यज्ञ रविवार प्रातः श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुआ। यज्ञ का संचालन आर्यसमाज के मंत्री अतुल रस्तोगी ने कराया, जबकि मुख्य यजमान रामलाल गुप्ता रहे। कार्यक्रम में आकाश मेहरोत्रा ने आर्यसमाज के नियमों का वाचन किया तथा सुमन पाण्डेय और डॉ. रमाशंकर गुप्ता ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। अतुल रस्तोगी ने आर्यसमाज के प्रथम नियम की व्याख्या करते हुए कहा कि संसार की समस्त सत्य विद्या तथा विज्ञान द्वारा ज्ञात सभी पदार्थों का मूल स्रोत परमेश्वर है। उन्होंने कहा कि गणित, भौतिकी और नैतिकता के शाश्वत सिद्धांत मनुष्य द्वारा बनाए नहीं गए हैं, बल्कि उनकी खोज की गई है। वैदिक दर्शन के अनुसार यह ज्ञान सृष्टि से पूर्व भी विद्यमान था और परमेश्वर ही उसका आधार है। उन्होंने कहा कि विज्ञान पदार्थों के कार्य करने की प्रक्रिया को समझाता है, लेकिन उन नियमों और व्यवस्थाओं का निर्माण नहीं कर सकता जिन पर सृष्टि संचालित होती है। सूर्य, चंद्रमा और तारों की व्यवस्थित गति भी एक परम सत्ता की उपस्थिति का प्रमाण है। उन्होंने धर्म और विज्ञान को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए कहा कि सत्य और विज्ञान की खोज भी ईश्वर की आराधना का ही स्वरूप है। कार्यक्रम में हरिओम गुप्ता, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह भदौरिया, रामआसरे राठौर, शशांक रस्तोगी 'जुगनू', कृष्णा वैभव रस्तोगी, विनम्र रस्तोगी, आरव रस्तोगी, चौतन्य रस्तोगी, ऊषा अवस्थी, सुशीला देवी, सोमवती प्रजापति, राम देवी प्रजापति और बीना राठौर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण कार्यशाला में खीरी प्रदेश में प्रथम, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता सम्मानित

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला के सफल आयोजन के आधार पर खीरी जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इस उपलब्धि पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने खीरी जिला संगठन की सराहना करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता को लखनऊ मुख्यालय में सम्मानित किया। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कार्यशाला के संयोजक अनुराग मिश्रा, जिला प्रभारी डॉ. वीरेंद्र तिवारी तथा पूरे जिला संगठन के प्रयासों को भी सराहा। प्रदेश नेतृत्व ने कहा कि खीरी जिले ने प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में नई पहचान बनाई है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के प्रति संयोजक एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने कहा कि इस उपलब्धि से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा खीरी जिले में संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। जिले के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

### अग्निपीड़ित की मदद को आगे आए समाजसेवी

**बिजुआ-खीरी।** शुक्रवार रात करीब 11 बजे लगी भीषण आग में राधेश्याम के तीन पुत्रों सियाराम, राजकुमार और हंसराम के घर जलकर राख हो गए थे। आग की चपेट में आकर अनाज, कपड़े, बिस्तर, चारपाई, फर्नीचर, बर्तन समेत गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया था, जिससे परिवार बेघर हो गए। समाजसेवी रामशरण ने पीड़ित परिवारों को आटा, चावल, दाल, तेल, नमक, चीनी, बिस्किट, कपड़े, बर्तन और तिरपाल सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इससे पहले क्षेत्रीय लेखपाल अजय कुमार गुप्ता ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया और अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### काशीदास बाबा स्थान पर भंडारे का आयोजन

**निघासन-खीरी।** बौधियाकलां स्थित काशीदास बाबा स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुटनी शुरू हो गई। गांवों से पहुंचे लोगों ने पूजा-अर्चना में भाग लेने के साथ भंडारे की व्यवस्थाओं में भी सहयोग किया। पूजा-अर्चना के उपरांत आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या भोज से की गई, जिसके बाद ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव के युवक प्रतिवर्ष काशीदास बाबा स्थान पर भंडारा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील कुमार यादव, घनश्याम यादव, रोहित कुमार यादव, जयपाल, विवेक, अंकित यादव, राजकुमार, पुलकित यादव, निर्मल, उत्तम, विश्राम, अमर सिंह व ज्ञान प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल पत्रकार सम्मेलन का आयोजन

**तिकुनिया-खीरी।** तिकुनिया प्रेस क्लब द्वारा कस्बे के महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर में भारत-नेपाल पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नेपाल के करीब दो दर्जन पत्रकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर तिकुनिया प्रेस क्लब ने क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों की विभिन्न मांगों को पूरा कराने की मांग की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए नेपाल के पत्रकार विनोद चौधरी ने कहा कि कई वर्षों बाद तिकुनिया कस्बे में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन हुआ है, जो खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि तिकुनिया भारत-नेपाल सीमा का महत्वपूर्ण कस्बा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नेपाली नागरिकों का आवागमन होता है। ऐसे में दोनों देशों के पत्रकारों और नागरिकों के बीच बेहतर संबंध बने रहना आवश्यक है। तिकुनिया प्रेस क्लब द्वारा विधायक शशांक वर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में पत्रकारों के लिए पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा, परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा तथा पत्रकारों को मानदेय दिए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम में गुरुद्वारा कौड़ियाला के ज्ञानी गुरभेज सिंह, आशीष अग्रवाल, सहजराम जायसवाल, किशन महावर, सोनू अग्रवाल सहित नेपाल के पत्रकार हेमंत मानडवय, गणेश छेत्री, विनोद चौधरी, खेम हुनगामा, टीकाराम साउद, विक्रम कायस्थ, यज्ञराज जोशी तथा तिकुनिया प्रेस क्लब के अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

### उपेक्षा का शिकार हुआ सामुदायिक शौचालय

**पड़रिया तुला-खीरी।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत छेरासी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित सामुदायिक शौचालय और स्नानघर बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। वर्षों से देखरेख के अभाव में भवन जर्जर होता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शौचालय के दरवाजे टूटे पड़े हैं, पानी की कोई व्यवस्था नहीं है और परिसर में गंदगी फैली हुई है। ऐसी स्थिति में लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं और खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। इस संबंध में ग्राम प्रशासक राजवीर सिंह से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने संतोषजनक जवाब देने के बजाय पत्रकार से ही सवाल किया। उनके इस व्यवहार को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। वहीं सहायक विकास अधिकारी बिजुआ अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही शौचालय की मरम्मत और आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शौचालय की मरम्मत कर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## प्रकृति से तालमेल

ऋतुचक्र अपने हिसाब से चलता है जिसमें अलग-अलग मौसम अपने ढंग से आते-जाते रहते हैं। गर्मी भी इनमें एक है। लेकिन सदियों से चला आ रहा यह सिलसिला अब तेजी के साथ बदल रहा है। पिछले दस साल दुनियाभर में अब तक के सबसे गर्म साल रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लोगों ने अपने आसपास की जलवायु को बदल दिया है। अपने घर और शहर बनाने का तरीका, जीवनशैली और प्रकृति के साथ संबंध- सब कुछ एक नए ढर्रे पर चलने लगे हैं। चूंकि इन सबमें प्रकृति को चुनौती देने का भाव रहता है कि हम तो यह करेंगे। भले ही इसका अंजाम कुछ भी हो तो इसका जवाब भी मिल रहा है। नतीजा यह है कि गर्मी लोगों के जीवन, आजीविका और बुनियादी ढांचे के सभी पक्षों को प्रभावित कर रही है। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक चार में से तीन भारतीय ऐसे राज्यों में रहते हैं जहां प्रतिवर्ष गर्मी का खतरा बना रहता है। वहीं, बहुत अधिक गर्म दिनों की संख्या बढ़ रही है लेकिन गर्म रातों की संख्या इससे भी तेजी से बढ़ रही है। इसका मानव स्वास्थ्य पर अधिक गंभीर प्रभाव पड़ता है। साथ ही गर्मी के मौसम में उमस (आर्द्रता) बढ़ रही है जिससे उत्तर भारत और सिंधु गंगा के मैदानी क्षेत्र अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अभी केरल में तो मानसून की आमद हो चुकी है लेकिन देश के अधिकतर हिस्सों में पारा अभी भी चालीस डिग्री के पार है। कई जगहों पर तो यह पैंतालीस और अड़तालीस के स्तर को छू रहा है। ऐसी असामान्यता के खतरों को अच्छी तरह से समझा जा सकता है। इसमें भी कोई शक नहीं कि गर्मी का यही स्वरूप अब हर बार सामने आएगा और इसकी अवधि पहले की अपेक्षा ज्यादा लंबी होगी। तब सवाल उठता है कि कुदरत के ऐसे कोप से बचने के लिए क्या किया जाना चाहिए। पहली बात तो यह कि लोगों को अपने बचाव के अधिकतम इंतजाम करने चाहिए। लेकिन इनकी भी एक सीमा है। बड़ी बात यह है कि ऐसे बेहिसाब मौसम के कारणों को दुरुस्त करने की पहल हो और यह काम मुख्य रूप से समाज के अग्रणी वर्ग और सरकार को ही करना होगा। पर्यावरण विशेषज्ञों और मौसम वैज्ञानिकों के परामर्श इसके लिए अधिक उपयोगी होंगे जिनके अनुसार व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। साथ ही उद्योगों और प्रतिष्ठानों को इसके लिए व्यापक कदम उठाने होंगे क्योंकि इनका संबंध समाज के ज्यादातर लोगों से होता है। प्रकृति के साथ समावेशी कदम उठाना समस्या समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। यह काम केवल एक-दो राज्यों की सरकारों, गिनी-चुनी संस्थाओं से नहीं होगा बल्कि इसके लिए गंभीर रूप से पूरे देश के स्तर पर प्रयास किए जाने होंगे।

## न्यायालय का कथन

सरकारी कामकाज में भ्रष्टाचार, नियमों की अनदेखी, लापरवाही, उदासीनता आदि इस तरह हावी होती जा रही है कि उनका खामियाजा आम जनता को अनावश्यक खर्च और भागदौड़, शोषण व उत्पीड़न तथा सरकार को बड़ी राजस्व क्षति के रूप में उठाना पड़ता है। इसके भी तमाम उदाहरण सामने आते रहते हैं कि गलत ढंग से किए जाने वाले ऐसे कामों कुछ संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत होती है। कई मौकों पर तो वे खुद ही इसका चलन बना देते हैं। ऐसी बातों को वरिष्ठ विभागीय अधिकारी किसी न किसी वजह से नजरअंदाज कर देते हैं जिससे बेइमानों की मनमानी धड़ल्ले से चलती रहती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार से सुपीरियर रेस्पांसिबिलिटी यानी वरिष्ठ जिम्मेदारी का सिद्धांत विकसित करने के लिए कहा है। इसके अंतर्गत अधीनस्थों के भ्रष्टाचार, लापरवाही या अदालती आदेशों की अवहेलना करने पर उनके वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्रशासनिक और आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। न्यायालय का कहना है कि राज्य को उच्च जिम्मेदारी का सिद्धांत अपनाना चाहिए जिसके तहत प्रशासनिक पदानुक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। उसने यह भी कहा है कि उचित मामलों में उन्हें अपने अधीन काम करने वालों द्वारा किए गए गलत कामों को रोकने या दंडित करने में उनकी विफलता के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्हें अपने अधीनस्थों के आचरण और प्रदर्शन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। न्यायालय का यह कथन सरकारी कामों की व्यावहारिक और सैद्धांतिक, दोनों तरह की जरूरत है। यह इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण तथा गंभीरता से ध्यान देने योग्य है क्योंकि गलत काम या गलता आचरण करने वाले विभाग में उच्च स्तर तक ऐसा काकस तैयार कर लेते हैं जो सही आवाज को उठने ही नहीं देता। विगत में ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को महत्वहीन कर देना इसी का उदाहरण है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**दस साल पहले यूपी में असुरक्षित माहौल-योगी**
अब लोग सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर हैं!
**वैश्विक संकटों के बीच नयी अर्थ रणनीति-मोदी**
घने जंगल कटवाकर जमीनें कार्पोरेट के हवाले?
**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय अवैध**
बंदरों के हाथ में उस्तरे वैसे किसने दे रखे हैं ?
**जीडीपी में वृद्धि मजबूती का प्रमाण है-राजनाथ**
बेरोजगारी में बढ़त रामराज्य का परिणाम है!
**तिब्बत पर चीन की पकड़ मजबूत होने का दावा**
अटल तिब्बत पर चीन का दावा मान आये थे!
**केंद्र सरकार हर क्षेत्र में नाकाम-अभिजित दिपके**
सीजेपी-बीजेपी की धींगामुश्ती सबको मुबारक!

♦♦♦

# व्यवस्था के भीतर भी भरी है 'कॉकरोच'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय



**-तनवीर जाफ़री**

घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हज़ारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकठ्ठा होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफ़े की मांग कर रहे थे। जेन ज़ी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफ़ा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किये जायेंगे। ग़ौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ़्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET, UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है । इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में युवा बेरोज़गार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था की अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि 'कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोज़गार नहीं मिल रहा है । ये युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आर टी आई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं'। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोज़गारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौके की नज़ाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफ़ाई देते हुये कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फ़र्ज़ी डिग्रियों और ग़लत तरीक़ों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है' और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं'। परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोज़गार युवा और व्यवस्था से नाराज़ नई युवा पीढ़ी जेन ज़ी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नाम से पहले एक मज़ाक़िया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, X (ट्विटर) जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर तेज़ी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ़ 5 दिन में 1.87 करोड़ फ़ॉलोवर्स हो गये। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका X (ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया। जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफ़ाई दिये जाने के बावजूद 'कॉकरोच ' की परछाई उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में 'आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) और अंतरराष्ट्रीय क़ानून' विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोज़गार युवाओं को 'कॉकरोच' बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नज़र आने लगा है। युवाओं का ग़ुस्सा केवल 'कॉकरोच' जनता पार्टी के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस,युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय




छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा माँगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ़ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाज़ुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान,प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोज़गार बताया था।

उन्होंने कहा था कि बेरोज़गार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं। यह बयान उस समय छात्रों में भारी आक्रोश पैदा कर गया था। छात्रों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी कि बेरोज़गारी का समाधान भीख मांगना नहीं बल्कि सही रोज़गार सृजन है । इसी वाइस चांसलर ने छात्रों को हिंसा करने के लिये भी उकसाया था। गोया पूरी शिक्षा प्रणाली को ही साम्प्रदायिकता का कलेवर चढ़ा कर नए ढंग से परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर ग़रीबों के बच्चों की शिक्षा का एकमात्र सहारा समझे जाने वाले देशभर के लाखों सरकारी विद्यालय बंद हो चुके हैं। जबकि नित नए निजी व मंहगे स्कूल कॉलेज व यूनिवर्सिटीज़ खुलते जा रहे हैं। जोकि आम लोगों की पहुँच से बाहर हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि सरकार की ऐसी ही नाकामी व अनदेखी की वजह से ही आज 'कॉकरोच' केवल व्यवस्था के बाहर ही नहीं इस व्यवस्था के भीतर भी भरी पड़ी हैं।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

मैं आपको वैसे ही अर्थात् पहले की ही तरह शिर पर मुकुट धारण किये हुए, हाथ में गदा और चक्र लिये हुए देखना चाहता हूँ। इसलिये हे विश्वरूपे! हे सहस्त्रबाहो! आप अपने उसी चतुर्भुज स्वरूप में होइए। कौन-सा रूप देखना चाहा? चतुर्भुज रूप! अब देखना है कि चतुर्भुज रूप है क्या?-
श्रीभगवानुवाच मया प्रसन्नेन तवार्जुनेदं 1981ए रूपं परं दर्शितमात्मयोगात्। तेजोमयं विश्वमनन्तमाद्यं यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ।।47।। इस प्रकार अर्जुन की प्रार्थना सुनकर श्रीकृष्ण बोले-अर्जुन ! मैंने अनुग्रहपूर्वक अपनी योगशक्ति के प्रभाव से अपना परम तेजोमय, सबका आदि और सीमारहित विश्वरूप तुझे दिखाया है, जिसे तेरे सिवाय दूसरे किसी ने पहले कभी नहीं देखा। न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानै-र्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः। एवंरूपः शक्य अहं नृलोके द्रष्टुं त्वदन्येन कुरुप्रवीर।। 48 ।। अर्जुन ! इस मनुष्यलोक में इस प्रकार विश्वरूपवाला मैं न वेद से, न यज्ञ से, न अध्ययन से, न दान से, न क्रिया से, न उग्र तप से और न तेरे सिवाय किसी अन्य से देखा जाने को सम्भव हूँ अर्थात् तेरे सिवाय यह रूप अन्य कोई देख नहीं सकता। तब तो गीता आपके लिये बेकार है। भगवद्दर्शन की भी योग्यताएँ अर्जुन तक सीमित रह गयीं, जबकि पीछे बता आये हैं कि- अर्जुन ! राग, भय और क्रोध से रहित अनन्य मन से मेरी शरण हुए बहुत से लोग ज्ञानरूपी तप से पवित्र होकर साक्षात् मेरे स्वरूप को प्राप्त हो चुके हैं। यहाँ कहते हैं- तेरे सिवाय न कोई देख सका है और न भविष्य में कोई देख सकेगा। अतः अर्जुन कौन है? क्या कोई पिण्डधारी है? क्या कोई शरीरधारी है? नहीं, वस्तुतः अनुराग ही अर्जुन है। अनुरागविहीन पुरुष न कभी देख सका है और न भविष्य में कभी देख सकेगा। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

♦♦♦

# बढ़ता शहरीकरण गर्मी में ज्यादा बीमार कर रहा है

आधुनिकता और अनियंत्रित विकास के इस दौर में हमारे महानगर रहने लायक ठिकाने कम और 'तपते तवे' अधिक बन चुके हैं. बुनियादी ढांचे का चरमराना, 'अर्बन हीट आइलैंड' (शहरी ऊष्मा द्वीप) का बढ़ता प्रभाव, पानी का गंभीर संकट और उस पर से बेहिसाब बिजली कटौती. इन सबने

**- पंकज चतुर्वेदी**

मिलकर आम जन के जीवन को एक दुःस्वप्न में बदल दिया है. यह संकट अब केवल शारीरिक थकावट या पसीने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर लोगों को गंभीर रूप से शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार बना रहा है।

प्रकृति का यह नियम रहा है कि सूर्यास्त के बाद धरती ठंडी होती है और रातें सुकून देती हैं. पर हमारे महानगरों में यह प्राकृतिक चक्र पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है, जिसका मुख्य कारण 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव है. जब किसी शहर में पेड़-पौधों, तालाबों और खुली जमीनों को खत्म कर वहां डामर की सड़कें, कंक्रीट की बहुमंजिला इमारतें और कांच से ढके टावर खड़े कर दिये जाते हैं, तो वे दिनभर सूरज की गर्मी को अपने भीतर सोख लेते हैं. रात के समय, जब तापमान कम होना चाहिए, ये कंक्रीट के ढांचे उस सोखी हुई गर्मी को वापस वातावरण में छोड़ना शुरू करते हैं. 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' के वैज्ञानिक अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत के बड़े महानगरों में रात का तापमान ग्रामीण या खुले क्षेत्रों की तुलना में पांच से सात डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया जा रहा है।

इसका अर्थ है कि महानगरों में रातें अब दिनों से भी अधिक भारी और उमस भरी हो रही हैं. रात की इस उमस में जब बिजली कटौती का झटका लगता है, तो नागरिक पूरी तरह असहाय हो जाता है. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें लगातार सचेत कर रही हैं कि अत्यधिक गर्मी और लगातार अधूरी नींद मनुष्य के शरीर के भीतर तापमान नियंत्रित करने की क्षमता को नष्ट कर देती है. जब लगातार कई दिनों तक मनुष्य की नींद पूरी नहीं होती, तो शरीर में तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन 'कोर्टिसोल' अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगता है. यही कारण है कि लोग गंभीर और अचानक उभरने वाली बीमारियों के शिकार हो रहे हैं. देश के बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों की आपातकालीन ओपीडी के आंकड़े बताते हैं कि मई-जून के महीनों में हीट स्ट्रोक, अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर डिहाइड्रेशन और किडनी फेलियर के मामलों में एक-तिहाई से ज्यादा की वृद्धि देखी जा रही है।



इस पूरे संकट का सबसे भयावह पहलू महानगरों में मानसिक रोगियों की बढ़ती फौज है. 'द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ' में प्रकाशित एक वैश्विक शोध के अनुसार, तापमान में प्रति एक डिग्री की वृद्धि से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और अवसाद के मामलों में दो प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है. लगातार अनिद्रा और शारीरिक कष्ट के कारण लोग गंभीर चिड़चिड़ेपन, घबराहट और क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं. जब एक व्यक्ति रातभर बिना बिजली के तड़पता है और बिना सोये अगले दिन काम पर जाता है, तो उसकी मानसिक सहनशीलता समाप्त हो जाती है। महानगरों में घरेलू हिंसा, सड़कों पर मामूली बातों पर होने वाली 'रोड रेज' की हिंसक घटनाएं और दफ्तरों में कर्मचारियों के बीच बढ़ते टकराव के पीछे इस 'थर्मल स्ट्रेस' का बहुत बड़ा हाथ है। मनोचिकित्सकों के अनुसार, इन दिनों ओपीडी में आने वाले हर पांचवें मरीज में अनिद्रा और गर्मी जनित मानसिक तनाव एक मुख्य कारण बनकर उभर रहा है. गर्मी के दिनों में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई या लखनऊ जैसे शहरों के उपनगरों और रिहायशी सोसाइटियों में हाहाकार मचा रहता है. ट्रांसफॉर्मर फुंकने और केबल जलने की घटनाएं आम हैं. ऐसे में अमीर वर्ग तो डीजल जनरेटरों के सहारे कुछ राहत पा लेता है, पर मध्यम और निम्न वर्ग के लोग कंक्रीट के छोटे-छोटे कमरों में 'तंदूर' की तरह पकने को मजबूर हैं।

यदि हमें अपने शहरों को बीमारों का घर बनने से रोकना है, तो नये और साहसिक कदम उठाने होंगे. इस दिशा में एक अत्यंत व्यावहारिक और त्वरित समाधान यह हो सकता है कि प्रशासन दिन के बजाय रात के समय आवासीय परिसरों और कॉलोनियों की सड़कों पर स्प्रिंकलर ट्रकों को लगातार चलाये. दिन के समय पानी छिड़कने से वह तुरंत भाप बन जाता है और उमस को और बढ़ा देता है. पर रात के समय सड़कों और कंक्रीट के ढांचों पर लगातार पानी का छिड़काव करने से 'अर्बन हीट आइलैंड' के प्रभाव को सीधे तौर पर कम किया जा सकता है. इससे डामर और कंक्रीट द्वारा सोखी गयी गर्मी शांत होगी, जिससे रात के तापमान में कमी आयेगी और बिजली कटौती के दौरान भी लोगों को कुछ राहत मिल सकेगी।

साथ ही, शहरी नियोजन में 'व्हाइट रूफिंग' को बढ़ावा देना और बिजली वितरण प्रणाली को सौर ऊर्जा के ग्रिड से जोड़कर मजबूत करना होगा. जलवायु परिवर्तन के इस दौर में यदि हमने अपने शहरों के बुनियादी ढांचे को पर्यावरण के अनुकूल और मानवीय नहीं बनाया, तो आने वाले समय में हमारी उत्पादक जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा अस्पतालों के चक्कर काटने और मानसिक अवसाद से जूझने में ही अपनी ऊर्जा गंवा देगा. यह अलार्म बेल है, जिसे हमारे नीति-नियंताओं को तुरंत सुनना होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### महानता के लक्षण

एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर मांग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज़ और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता।

एक दिन दरवाज़े पर किसी ने - माई! ओ माई! पुकारते हुए आवाज़ लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया कांपते हाथ फैलाए खड़ी थी।

उसने कहा, बेटा! कुछ भीख दे दे।

बुढ़िया के मुंह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।

उस समय घर में कुछ खाने की चीज़ थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।

पर बालक ने हठ करते हुए कहा - माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊंगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूंगा।

माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतारा और कहा, लो, दे दो। बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक ख़ज़ाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफ़ी नाम कमाया।

एक दिन वह माँ से बोला, माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूं। उसे बचपन का अपना वचन याद था। पर माता ने कहा, उसकी चिंता छोड़। मैं इतनी बूढ़ी हो गई हूँ कि अब मुझे कंगन शोभा नहीं देंगे। हां, कलकत्ते के तमाम ग़रीब बालक विद्यालय और चिकित्सा के लिए मारे-मारे फिरते हैं, उनके लिए तू एक विद्यालय और एक चिकित्सालय खुलवा दे जहां निशुल्क पढ़ाई और चिकित्सा की व्यवस्था हो। माँ के उस पुत्र का नाम था ईश्वरचंद्र विद्यासागर।

## आपका पत्र मिला

### सबकी जड़ चन्दा और भ्रष्टाचार

लोग सच माने या झूठ. किन्तु राजनीतिक चन्दा और देश की रग-रग में समाया हुआ भ्रष्टाचार ही पेपर का लीक होना, कानून-व्यवस्था का कमजोर होना, भाई-भतीजावाद फैलना, जनसामान्य के काम आसानी से न होना, नकली/असली दवाइयों/वस्तुओं का बिकना, भवनों की जांच न होकर आग की घटनाएँ बढ़ना, मेधावियों को नौकरी न मिलना, परीक्षाएं फिर चाहे चयन आयोग से होना या सीबीएसई, महंगाई व्यापम अथवा नीट आदि से होना और पेपर लीक होना या समय पर रिजल्ट न निकलने/गड़बड़ी होने से अभ्यार्थियों के सालों-साल ख़राब होना या एज-बार होना, शिक्षा और इलाज का महँगा होना, महंगाई का बढ़ना, चुनावी चन्दा, फिर चाहे उम्मीदवार से प्राप्त करना या व्यापारियों/उद्योगपतियों से कहीं न कहीं ये भी भ्रष्टाचार को बढ़ाने में पीछे नहीं है. ऐसी अनेक बातें हैं जो सरकार की अव्यवस्थाओं की और इंगित करती है. क्योंकि जब भ्रष्टाचार की गंगा उलटी याने उपर से बहेगी तब नीचे वालों को कौन रोकेगा? ऐसा नहीं है कि ये सब आज ही हुआ है।

पिछले अनेक वर्षो से यह गतिमान हो रहा है. पहले कम रहा होगा किन्तु समय के साथ इसने भस्मासुर का रूप ले लिया है. अतः भ्रष्टाचार पर लगाम लगना बहुत जरुरी है ताकि उससे समाज/सरकार में फैली अनेक बीमारी दूर हो सके. क्योंकि ये अब सर चढ़ कर बोलने लगा है.

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# पैंट स्टाइल सूट में पाएं एलिगेंट लुक



ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए सूट बेस्ट ऑप्शन है। हालांकि, बदलते फैशन ट्रेंड के साथ सूट-सलवार आपको कई सारे नए ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। इन सूटस को आप सारे खास मौकों पर स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप अपने फैशन में कुछ न्यू ट्विस्ट लाना चाहती हैं, तो पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट न्यू और एलीगेंट लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है, और इस तरह के सूट में आपका लुक बहुत ही अच्छा लगेगा। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पैंट स्टाइल सूट दिखा रहे हैं। इन सूट्स को स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लगेगा। साथ ही, सूट्स में आप कंफर्टेबल भी महसूस करेंगी।

**प्रिंटेड सूट**

सिंपल और अट्रैक्टिव लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंटेड सूट स्टाइल कर सकती हैं। ये देखने में काफी अच्छे लगते हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। आप इस सूट को बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म से 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस सूट में अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग गोल्ड प्लेटेड इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

**एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट**

किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान आप एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद एक रॉयल टच आता है। इन सूट को आप किसी भी पार्टी या फंक्शन में वियर कर सकती हैं। ये सूट आपको ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे। इस सूट में अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप मोजड़ी स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, मिरर वर्क झुमके इस आउटफिट के साथ स्टाइल करने के बेस्ट रहेंगे।

**थ्रेड वर्क सूट**

ऑफिस में क्लासी और एलीगेंट लुक पाने के लिए आप थ्रेड वर्क सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट स्टाइल करने के दौरान आप कंफर्टेबल रहेंगी, साथ ही, स्लिम भी नजर आएंगी। यह सूट आपको कई सारे कलर ऑप्शन्स में मिल जाएंगे, जिन्हें आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

# मुगलों ने भारत में बनवाई थी ये ऐतिहासिक इमारतें





भारत की धरती पर मुगल शासकों ने बेहद शानदार और विशाल इमारतों का निर्माण करवाया था, जो आज भी भारतीय इतिहास और वास्तुकला का गौरव बनकर खड़ी हैं। ये इमारतें न केवल मुगल काल की समृद्धि और शक्ति का प्रतीक हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और कला का भी एक बेशकीमती खजाना हैं। यह भव्य स्मारक आज भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं, आइए जानते हैं ऐसी ही 10 खूबसूरत इमारतों के बारे में, जिनका निर्माण मुगलों ने करवाया था।

**ताजमहल, आगरा-**
भारत और विश्व में सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में से एक, ताजमहल, प्यार का एक प्रतीक है। यमुना नदी के किनारे स्थित इस भव्य मकबरे को मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया था। शुद्ध संगमरमर से निर्मित, ताजमहल की खूबसूरती देखते ही बनती है। इसकी नाजुक नक्काशी और समृद्ध डिजाइन भारत की कला और संस्कृति की समृद्धि को दर्शाते हैं। वर्ष 1983 से, ताजमहल यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है।

**लाल किला, दिल्ली-**
शाहजहां द्वारा बनवाया गया लाल किला, भारत की सबसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारतों में से एक है। लाल बलुआ पत्थर से बने इस किले का निर्माण 1639 में शुरू हुआ था। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल इस किले का इस्तेमाल आज भी राष्ट्रीय उत्सवों के लिए किया जाता है।

**कुतुब मीनार, दिल्ली-**
कुतुब मीनार दुनिया की सबसे ऊंची मीनारों में से एक है। इसका निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1200 ईस्वी में शुरू किया था और बाद में अन्य मुगल शासकों द्वारा इसे पूरा किया गया। यह लाल बलुआ पत्थर से बना एक विशाल स्तंभ है, जो अपनी वास्तुकला और इतिहास के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है।

**जामा मस्जिद, दिल्ली-**
शाहजहां द्वारा बनवाई गई जामा मस्जिद, दिल्ली की सबसे बड़ी मस्जिद है। मुगल वास्तुकला का एक उत्कृष्ट नमूना होने के कारण यह मस्जिद अपनी भव्यता के लिए जानी जाती है और भी देश-विदेश के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है।

**बुलंद दरवाजा, फतेहपुर सीकरी-**
बुलंद दरवाजा, जिसका अर्थ है जीत का द्वार, महान मुगल सम्राट अकबर द्वारा वर्ष 1601 में गुजरात पर विजय प्राप्त करने के मौके पर बनवाया गया था। आगरा के निकट स्थित फतेहपुर सीकरी में स्थित यह स्मारक दुनिया का सबसे ऊंचा प्रवेश द्वार है। इसकी भव्यता और वास्तुकला मुगल साम्राज्य की शक्ति और समृद्धि को दर्शाती है।

**हुमायूं का मकबरा, दिल्ली-**
हुमायूं का मकबरा मुगल बादशाह अकबर ने अपनी पिता की याद में बनवाया था। यह लाल बलुआ पत्थर से बना एक विशाल मकबरा है, जो अपनी वास्तुकला और इतिहास के लिए प्रसिद्ध है।

**बीबी का मकबरा, औरंगाबाद-**
क्या आप जानते हैं कि औरंगाबाद में एक मिनी ताजमहल है? बीबी का मकबरा नामक यह स्मारक, औरंगजेब के बेटे आजम शाह द्वारा अपनी मां के लिए बनवाया गया था। इसकी खूबसूरती और शानदार डिजाइन आपको ताजमहल की याद दिला देगा।

**जामिया निजामिया, भोपाल-**
जामा निजामिया मुगल बादशाह आसफ जाही द्वारा बनवाया गया एक मदरसा है। यह एक विशाल परिसर है, जिसमें कई कक्षाएं, मस्जिदें, और बागान शामिल हैं। बता दें, जामा निजामिया भारत की सबसे बड़ी मदरसों में से एक है।

**आगरा का किला-** आगरा का किला, ताजमहल के बाद आगरा का सबसे प्रसिद्ध स्मारक है। शाहजहां द्वारा बनाया गया यह किला यूनेस्को की विश्व धरोहर है और दिल्ली के लाल किले से प्रेरित है। किले के अंदर कई ऐतिहासिक इमारतें और बाग हैं।

**मोती मस्जिद, आगरा-** आगरा किले के अंदर स्थित मोती मस्जिद, शाहजहाँ द्वारा बनवाया गया एक सफेद संगमरमर का खूबसूरत स्मारक है। 1647 में शुरू हुआ इसका निर्माण 1654 में पूरा हुआ था। अपनी चमकदार सतह के कारण इसे मोती मस्जिद कहा जाता है।

# तनाव और चिंता जैसी समस्याओं से निजात दिलाता है संगीत



संगीत सुनना ज्यादातर लोगों को बहुत पसंद होता है। इससे हमारा मूड बहुत अच्छा होता है। जब हम कोई खराब गाना या धुन सुन लेते है तो तब हम मायूस हो जाते है। लेकिन अच्छे म्यूजिक से मूड फ्रेश होता है। एक अच्छे संगीत से हमारा मूड ही अच्छा नहीं होता बल्कि इसका हमारी सेहत पर भी बहुत प्रभाव पड़ता है। इसे म्यूजिक थेरेपी या संगीत चिकित्सा कहा जाता है। म्यजिक थेरेपी एक तरह की चिकित्सा ही है। जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करती है। ये हमारे दिल और दिमाग के लिए भी काफी लाभदायक माना जाता है। जब हम स्ट्रेस में होते है या एंग्जायटी महसूस करते है तो संगीत सुनना फायदेमंद होता है।

**संगीत सुनने के फायदे :**

**खुद से प्यार करना सिखाता है म्यूजिक**
जब आप स्ट्रेस फ्री होंगे, तभी खुद से प्यार करना सीख पाएंगे। जब आप अपने आप को समय देने की रूटीन बना लेंगी। म्यूजिक इस काम को बहुत जल्दी और अच्छी तरह सिखा देता है। **बुजुर्गों के लिए फायदेमंद :** बुजुर्गों में अन्य लक्षणों को कम करती है म्यूजिक थेरेपी। यह पार्किंसन और अल्जाइमर के रोगियों के लिए भी प्रभावी हो सकती है।

**एक्सप्रेशन और कम्युनिकेशन में सुधार : -**
अगर आपको स्वयं की अभिव्यक्ति और दूसरों से संवाद स्थापित करने में दिक्कत होती है।तो म्यूजिक थेरेपी आपकी मदद करेगी।अगर बच्चों में एंग्जायटी के कारण मनोविकार पैदा हुए है तो म्यूजिक थेरेपी उनकी मदद करेगी।

**डिप्रेशन में असरदार :**
म्यूजिक थेरेपी स्ट्रेस के कारण होने वाली इनसोमनिया, डिप्रेशन आदि जैसी मानसिक बीमारियों को दूर करने में मदद करती है।

**शरीर के दर्द को करता है कम :**
हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो अगर आपके शरीर में दर्द का निवारक भी म्यूजिक है। इसे धीमी आवाज में सुनने से दर्द काफी हद तक कम होता है।

# गर्मी में सिर्फ त्वचा नहीं, आंखों की सेहत पर भी दीजिए ध्यान

गर्मी के मौसम में कई लोग आंखों में जलन, लालपन, सूखापन या धुंधलापन जैसी समस्याओं को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन विशेषज्ञ बताते हैं कि आंखों में होने वाले कुछ बदलाव सिर्फ मौसम का असर नहीं, बल्कि किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकते हैं। इसलिए आंखों के संकेतों को समझना बेहद जरूरी है। गर्मी का असर आपको शरीर पर साफ नजर आता है, लेकिन उन्हें देखने वाली आंखों का क्या? असल में बढ़ते तापमान, धूल और तेज धूप के कारण आंखों की नमी कम होने लगती है, जिससे जलन, खुजली और चुभन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में इस मौसम में आंखों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी है, ताकि संक्रमण और एलर्जी से बचा जा सके।

**आंखों को सीधी धूप से बचाएं-**
दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तापमान सबसे ज्यादा गरम होता है। इस समय सूरज की तेज रोशनी और हानिकारक यूवी रेज आंखों पर सीधा असर डालती हैं। ऐसे में लंबे समय तक तेज धूप में रहने से आंखों में जलन, लालिमा, खुजली, पानी आना, सूखापन और धुंधला दिखाई देने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही आंखों की रोशनी पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए कोशिश करें कि इस समय बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें।

**यूवी रेज का आंखों पर असर-**
20 से 25 प्रतिशत लोगों को तेज धूप और यूवी किरणों के संपर्क में रहने से आंखों में सूखापन, जलन और लालिमा की समस्या हो सकती है। लंबे समय तक धूप में रहने से मोतियाबिंद और कॉर्निया को नुकसान होने का खतरा 2 से 3 गुना बढ़ जाता है। बाहर काम करने वाले लगभग 30 प्रतिशत लोगों में आंखों की बीमारियों या नजर कमजोर होने का जोखिम पाया जाता है।

## आंधी



-डॉ. आशा रस्तोगी

प्रचंड आंधी के झोंकों ने, वृक्षों को झकझोर दिया।
बन महाकाल मारुत ने, उनका जीवन से नाता तोड़ दिया।
आंधी के चलते ही कुछ हिलेडुले कुछ मिलेजुले,
कुछ मिल जुलकर भी विलग हुए।
कुछ हुए धराशाही भू पर,
कुछ तूफानों में हवा हुए।
वे शक्तिहीन वृक्ष थे, जिनको आंधी ने मिटा दिया।
बन महाकाल मारुत ने, उनका जीवन से नाता तोड़ दिया।
आंधी आई और चली गयी,
दृढ़ वृक्षों को वह छोड़ गई।
वे नहीं गिरे भूतल पर,
झोंकों से पीड़ित होकर।
वे रहे अडिग स्वस्थल पर, आंधी ने उनका कुछ न किया।
मुँह की खाकर ही बस, अपने को बदनाम किया।
जीवन के तूफानों में भी,
जो अडिग बना दृढ़ वृक्ष सदृश।
आंधी और तूफानों में,
वह खड़ा रहा अमर बनकर।
उस सहन शील प्राणी ने, आंधी का अपमान किया।
भर पुरुषार्थ स्वयं अपने में, आंधी को धिक्कार दिया।
जीवन में बहुतेरी आँधियाँ आती रहतीं,
अपने वेग प्रतापों को दिखलाती रहतीं।
भयभीत न हो इन झूठे झोंकों से,
है नहिं गहराई इनमें।
नहीं शक्ति ज्यादा है इनमें,
जितना सोचा है तुमने।
धिक्कारों आंधी को, नहिं तुमने उसे प्यार किया।
तुम आगे बढ़ते जाओगे यदि उसका तिरस्कार किया।

# इन चीजों के तुरंत बाद न करें ब्रश



शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के तरह ओरल हेल्थ का भी ध्यान रखना जरुरी है। लेकिन कुछ चीजों के तुरंत बाद दांतों में ब्रश करने के ओरल हेल्थ को नुकसान भी हो सकता है। तो चलिए आज आपको बताते हैं कि कब ब्रश नहीं करना चाहिए। सुबह उठकर ब्रश करना अच्छी आदत है लेकिन नाश्ता करने के बाद तुरंत ब्रश न करें क्योंकि खाने के बाद खाए गए हाई एसिड वाले फूड्स के कण दातों के ऊपर जम सकते हैं। जिसके कारण आपके दांतों की सुरक्षा पहुंचने की जगह उसकी बाहरी कठोर परत इनेमल को नुकसान हो सकता है। ऐसे में नाश्ता करने के 30 मिनट बाद तक दांतों में ब्रश न करें। मीठा खाने के तुरंत बाद भी ब्रश नहीं करना चाहिए। क्योंकि मीठे में मौजूद कण दांतों की बाहरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके कारण सेंसिटिविटी की समस्या बढ़ जाती है। मीठे में कार्बोहाइड्रेटेड बैक्टीरिया मौजूद होते हैं ऐसे में यह दांतों को नुकसान पहुंचा सकता है। यदि आपको अभी उल्टी हुई है तो उसके तुरंत बाद भी ब्रश न करें। उल्टी आने के तुरंत बाद मुंह में एसिड होता है ऐसे में यह दांतों पर जमकर उन्हें खराब कर सकता है।

# सुबह त्वचा पर लगाएं ये चीजें, खिल उठेगा चेहरा



सुबह का स्किन केयर रूटीन आपकी त्वचा को दिनभर के प्रदूषण, सूरज की किरणों और अन्य हानिकारक तत्वों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण होता है। एक सही स्किन केयर रूटीन न केवल आपकी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखता है, बल्कि उम्र बढ़ने के संकेतों को भी कम करता है। अगर आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा खिली-खिली रहे तो सुबह उठते ही चेहरे पर इन चीजों को लगाएं। **फेस क्लींजर :** सुबह सवेरे सबसे पहले उठकर फेस क्लींजर का इस्तेमाल करें। इसके लिए अपने चेहरे को एक जेंटल क्लींजर से धोएं। यह रात भर में त्वचा पर जमा तेल, गंदगी और डेड स्किन को हटाने में मदद करता है। **टोनर :** चेहरे को सही से साफ करने के बाद आपको सही टोनर का इस्तेमाल करना है। ये आपकी त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करता है, पोर्स को साफ करता है। आप चाहें तो टोनर की जगह गुलाब जल इस्तेमाल कर सकते हैं। **सीरम :** हर किसी को चेहरे पर सीरम जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। ये त्वचा को गहराई से पोषण देने का काम करता है। अगर आप उम्र के साथ त्वचा की समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो विटामिन ष्ट युक्त एंटीऑक्सीडेंट सीरम का इस्तेमाल करें। यह त्वचा को चमकदार बनाता है मॉइस्चराइजर : त्वचा के रूखेपन को कम करने के लिए मॉइस्चराइजर का उपयोग करना हर स्किन केयर रूटीन में आवश्यक है। ये त्वचा को हाइड्रेटेड और मुलायम बनाए रखता है।

# लंबी जिंदगी जीनी है तो डाइट में शामिल कर लें ये फूड्स



हर व्यक्ति चाहता है कि वह उम्र भर स्वस्थ रहे। बीमारियों से वह हमेशा-हमेशा के लिए दूर रहे और लंबी जिंदगी जिए, लेकिन आजकल के गलत- खानपान की आदतों के कारण छोटी उम्र में ही व्यक्ति के शरीर को कई तरह की बीमारियां घेर रही हैं। लंबी उम्र जीने के लिए अपनी खान-पान सही रखना जरुरी है। शोधकर्ताओं ने भी यह दावा किया है कि यदि 60 साल की उम्र में भी कोई व्यक्ति अच्छी डाइट लेता है तो उसकी उम्र 8-9 साल बढ़ सकती है। लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरुक करने के लिए हर साल 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस मौके पर आज आपको कुछ ऐसे फूड्स बताते हैं जो आपकी उम्र लंबी करेंगे। आइए जानते हैं।

**चिया सीड्स :** चिया सीड्स यानी के अलसी के बीज भी गुणों का भंडार माने जाते हैं। इसमें पाए जाने वाले फैटी एसिड और ओमेगा-3 स्किन को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा इन सीड्स का सेवन करने से वजन भी नहीं बढ़ता। स्मूदी, हलवे, सलाद, ओट्स या फिर इन सीड्स से बनी सब्जी का सेवन आप कर सकते हैं। **शकरकंद :** स्वादिष्ट होने के साथ-साथ शकरकंद स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी होती है। इसमें विटामिन-ए काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा शकरकंद में फाइबर और पोटैशियम पाया जाता है जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। शकरकंद का सेवन करने से आंखें स्वस्थ रहती है, हार्ट हेल्दी रहता है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी बचाव होता है।

**ब्लैक टी और कॉफी :** कॉफी का सेवन करने से भी आपकी सेहत अच्छी रहेगी। दिन में 2-3 कॉफी का सेवन करने से डिमेंशियां जैसी उम्र संबंधी बीमारियां भी कम होती है। इसके अलावा कॉफी लिवर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है। वहीं ब्लैक टी का सेवन करने से बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों से जुड़ी समस्याएं भी खत्म होंगी।

**चॉकलेट :** बड़े लोगों के लिए चॉकलेट का सेवन फायदेमंद होसकता है। खासतौर पर डॉर्क चॉकलेट खाने से एंटीऑक्सीडेंट्स का काम करते हैं। इसका सेवन करने से मूड अच्छा होता है, स्किन ग्लो होती है और दिमाग की ग्रंथियां एक्टिव होती हैं। इसमें पाया जाना वाला मैग्नीशियम और आयरन शरीर में से खून की कमी भी दूर करता है। **हरी पत्तेदार सब्जियां :** इन सब्जियों का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने और पाचन को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती हैं। हरी सब्जियों का सेवन करने से त्वचा भी अच्छी होती है और आयरन की कमी भी शरीर में से पूरी होती है। लंबी उम्र यदि आप जीना चाहते हैं तो हरी सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। **ड्राई फ्रूट्स :** बादाम, अखरोट, पिस्ता जैसे ड्राई फ्रूट्स का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। इनका सेवन आप स्नेक्स के तौर पर कर सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स में मौजूद हेल्दी फैट, एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर, विटामिन्स, मिनरल्स मौजूद होते हैं। इनका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है, ब्लड शुगर लेवल और वजन कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा कई एक्सपर्ट्स इस बात का दावा कर चुके हैं कि अखरोट-बादाम का नियमित सेवन करने से लंबी जिंदगी जीने में भी मदद मिलती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 8 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे। अष्टमी तिथौ सोम वासरे 27/25/ शतभिषा नक्षत्रे 09/10/ विष्कुम्भ योग 09/28/ बालव करणे 15/31/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.27मि.37पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक। कालाष्टमी। श्री शीतलाष्टमी।

**मेष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में रुतबा बढेगा।

**तुला :**आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृष :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**मिथुन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कुंभ :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**मीन :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे।

# लग्जरी कारों की आड़ में करते थे चोरी, दो शातिर गिरफ्तार

**( स्वतंत्र भारत )**
अटरिया-सीतापुर। स्थानीय पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी के जेवरात, नकदी, अवैध तमंचे तथा आडी और सियाज कार बरामद की गई हैं। बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत करीब ७७ लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान योगेन्द्र चौहान निवासी नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर और धर्मराज यादव निवासी बढईडीहा थाना रेउसा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित चोरी के जेवरात बेचने के लिए लखनऊ जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नीलगांव मार्ग स्थित पहाड़ापुर चौराहे के पास घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों अलग-अलग कारों से चल रहे थे। पूछताछ में आरोपितों ने थाना क्षेत्र के अलबदा और मनवा गांव में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, चार हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। जांच में बरामद आडी कार यूपी-१६ एजे ६१५६ सुपरटेक कंपनी के नाम पंजीकृत मिली, जबकि सियाज कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। उसका वास्तविक नंबर यूपी-१६ बीएफ४९६९ पाया गया, जो नीलम देवी के नाम पंजीकृत है। पुलिस के मुताबिक आरोपित लग्जरी वाहनों का इस्तेमाल इसलिए करते थे ताकि उन पर किसी को संदेह न हो। मुख्य आरोपित योगेन्द्र चौहान हिस्ट्रीशीटर है।

उसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, डकैती, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत ३० से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने सफल कार्रवाई पर टीम को २५ हजार रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसी प्रकार टिकौली क्रासिंग दि ५ जून की रात करीब ८ बजे दौदापुर निवासी प्रशांत त्रिपाठी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अटरिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा व लोहे की सरिया बरामद करने की है। दौदापुर ,कोतवाली सिधौली के प्रशांत त्रिपाठी अपनी कार से ५ जून रात करीब ८ बजे सिधौली से लखनऊ की ओर जा रहे थे तभी राजमार्ग पर स्थित टिकौली क्रासिंग के पास पीछे से आये ३ कार सवार करीब १२ से १५ लोगों द्वारा प्रशांत की कार में टक्कर मारी गई जिससे प्रशांत अपनी कार पर नियंत्रण खो बैठे व प्रशांत की कार सड़क के किनारे खाई में जा गिरी । कार के गिरते ही हमलावारों द्वारा प्रशांत पर डांडो व लोहे की रोड से हमला कर मरणासन्न कर दिया गया । राहगीरो की सूचना प्रशांत के पिता हिमांशु मौके पर पहुंचे पर प्रशांत को हिंद अस्पताल में भर्ती करवाया । जिसमें से ४ लोगों की नामजद करते हुए १० से १२ अज्ञात पर मुकदमा किया गया था । इसी क्रम में पुलिस विवेचना के दौरान नामजद आरोपी अंशुल तिवारी व अंकुल मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से एक डंडा व लोहे की सरिया बरामद हुई है।



# पूर्व सांसद की जयंती पर पुष्प अर्पित कर किया याद

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर । पूर्व सांसद स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद मिश्र की जयंती के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओ ने उनके लोहरबाग आवास पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। श्रदांजलि सभा के दौरान स्वर्गीय पूर्व सांसद की बहू रानू मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद मिश्र भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष और सीतापुर के जिला अध्यक्ष के रूप में भी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वही स्वर्गीय पूर्व सांसद के बचपन के मित्र अधिवक्ता प्रमोद मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा स्वर्गीय मिश्र जनसंघ से लेकर संसद तक के एक सच्चे सेवक थे और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने वर्ष १९९१ में राम मंदिर लहर के दौरान सीतापुर संसदीय सीट से पहली बार भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी और लोकसभा सांसद बने थे। सभा के अंत में प्रमोद मिश्रा ने भावुक होकर स्वर्गीय पूर्व सांसद की याद में एक गीत भी गाया। इस दौरान रानू मिश्रा, आशीष मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, उपेंद्र शुक्ला, आकाश राय, नरेश मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, कमलेश पाण्डेय ,अनीत मिश्रा, विजय शुक्ला, संजय शुक्ला , विपिन बिहारी शुक्ला, अमित अग्नीहोत्री, अभिषेक त्रिपाठी, अमर ज्योति शुक्ला, शुभित बाजपेयी, श्रवण बाजपेयी ने उपस्थित रहकर श्रद्धा सुमन अर्पित की।



# चौकी इंचार्ज द्वारा फोन पर अभद्रता किए जाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने का किया घेराव

**( स्वतंत्र भारत )**
महमूदाबाद-सीतापुर। मंडल अध्यक्ष पैतेपुर से चौकी इंचार्ज द्वारा फोन पर अभद्रता किए जाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार की शाम थाने का घेराव कर दिया। आरोप है कि नूरपुर चौंकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रजापति ने मंडल अध्यक्ष अम्बरीश वर्मा से फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पैंतेपुर में भाजपा की संगठन बैठक रविवार की राम जानकी मंदिर में चल रही थी। इसी दौरान पैंतेपुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष अम्बरीश वर्मा ने नूरपुर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रजापति को लैलकला की शोभावती के कोलिया संबंधी प्रकरण के निस्तारण के लिए फोन किया और जांच की बात कही। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने मंडल अध्यक्ष से फोन पर कहा कि काम खुद करा लो और बिना पूरी बात सुने फोन काट दिया। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। अम्बरीश वर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं संग कोतवाली पहुंच गए और चौकी इंचार्ज के व्यवहार पर आक्रोश जाहिर किया। कोतवाली प्रभारी भानु प्रताप ने कार्यकर्ताओं को समझाया जिसके बाद कार्यकर्ता माने।

प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि एसआई व मंडल अध्यक्ष के बीच वार्ता के दौरान कुछ असमंजस हो गया था जिसे वार्ता के जरिए निपटा लिया गया है। अम्बरीश वर्मा ने बताया कि लैलकलां की शोभवती कोलिया से सम्बंधित विवाद है उन्होंने २१ मई को थाने में, २२ मई को थाना दिवस में, २९ को एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर समस्या समाधान की मांग की किंतु समाधान नहीं हुआ।



# शातिर चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना लाखों की सम्पत्ति कर दी पार

**( स्वतंत्र भारत )**
महमूदाबाद-सीतापुर। बीती रात चोरों ने नगर में दो घरों को निशाना बनाते हुए करीब तीन लाख की संपत्ति पार कर दी। पुलिस केस दर्जकर साक्ष्य संकलित करते हुए बदमाशों की तलाश कर रही है। महमूदाबाद के पैगम्बरपुर के कासिफ हुसैन पुत्र इरफान हुसैन के घर चोर शनिवार की रात घर के बगल बने शौचालय के सहारे प्रवेश कर गए। चोरों ने यहां कमरे में रखी ३० हजार की नकदी, सोने की दो अंगूठी, एक चौन समेत करीब डेढ़ लाख की संपत्ति उठा ले गए। चोर पड़ोस के फैसल के घर इसी घर की छत से पहुंच गए। यहां से चोरों में १५ हजार की नकदी, सोने का एक लाकेट, एक अंगूठी, एक जोड़ी झुमकी, चांदी की एक जोड़ी पायल समेत करीब दो लाख की संपत्ति उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए साक्ष्य संकलित करते हुए चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही दोनों घटनाओं का अनावरण किया जाएगा।



# आटोलिफ्टर गिरोह का खुलासा, पांच बाईकों सहित तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**( स्वतंत्र भारत )**
महमूदाबाद-सीतापुर। कस्बे में धड़ाधड़ हो रही बाइक चोरी की वारदातों में सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने तीन शातिर युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच चोरी की बाइक बरामद की हैं। गिरफ्तार बदमाशों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में लगातार हो रही बाइक चोरियों के खुलासे व उनकी बरामदगी को लेकर प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमें लगाई गई थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह करीब पौने चार बजे कोतवाली के एसआई विनोद गिरि, दीपक राठौर, एचसीपी वेगवान, विशाल गुप्ता, आरक्षी बृजेश पांडेय, अखिलेश वर्मा, चंद्रप्रकाश, दीपक कुमार की टीम ने बाबाकुटी के पास बनी पुलिया पर छापेमारी कर दी। यहां पुलिया के पास पांच बाइकों के साथ तीन युवक दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा टोकने पर युवक भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम बिसवां के जलालपुर हालपता सदरपुर के हरैया के सलमान पुत्र इस्लाम, सदरपुर के हरैया के पंकज कुमार पुत्र अजमेर सिंह, थानगांव के सेल्हवा के छोटू उर्फ राजकुमार यादव पुत्र श्रीपाल बताया। पूछताछ के दौरान पता चला कि बरामद बाइके बदमाशों द्वारा ११ जून २०२५ को महमूदाबाद नगर स्थित शिखर आयरन स्टोर के सामने से, सात अप्रैल २०२६ को सलमान की तहसील गेट के सामने से, १७ अप्रैल को तहसील परिसर के सामने सड़क के किनारे से रामपुर मथुरा के भागीपुर के प्रमोद कुमार की तथा बाराबंकी की सीएचसी फतेहपुर से चोरी की गई हैं। पकड़े गए इस्लाम पर लखनऊ के ठाकुरगंज में एक, बाराबंकी के फतेहपुर में एक तथा महमूदाबाद में तीन समेत कुल पांच, छोटू उर्फ राजकुमार पर बाराबंकी के फतेहपुर में एक, थानगांव में एक तथा महमूदाबाद में तीन समेत कुल पांच, पंकज कुमार पर बाराबंकी के फतेहपुर में एक, सदरपुर व महमूदाबाद में ती-तीन समेत कुल सात मुकदमें दर्ज हैं।

प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तीन शातिर अपराधी हैं, तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। अभी पुलिस टीमें चोरी गई अन्य बाइकों की बरामदगी के साथ अन्य अपराधियों की तलाश में लगी हैं।




# प्रधान प्रतिनिधि के प्रयास से सड़क निर्माण का हुआ उद्घाटन

**( स्वतंत्र भारत )**
अटरिया-सीतापुर। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुंवरपुर के बलवंतपुर गांव में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए गुड्डू सिंह के घर से विष्णु यादव के घर तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के ब्लाक प्रमुख रामबक्स रावत ने फीता काटकर निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख रामबक्स रावत ने कहा कि गांवों का विकास सरकार की प्राथमिकता है और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंटरलाकिंग सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके अथक प्रयासों से यह महत्वपूर्ण विकास कार्य स्वीकृत हुआ है। ग्रामीणों ने भी इस निर्माण कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुनेश्वर रावत, शिव सागर तिवारी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस सड़क के निर्माण से गांव के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।



# कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। यच.आर. मेमोरियल इंटर कालेज सेउता मे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्रधानायापक मोहम्मद हुसैन संयोजन मे सम्पन्न हुआ जिसमे जिले के अलावा गैर जनपद की टीमो ने प्रतियोगिता मे भाग लिया । नाइट कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नन्दराम गौतम प्रधान व विशिष्ट अतिथि अब्दुल सलाम संरक्षक यचआर मेमोरियल इंटर कालेज सेउता थे ।प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व विशिष्ट के द्वारा किया गया । कबड्डी टीमे ,चौक लखनऊ, सीतापुर स्टेडियम, बाबा एंड संस तम्बौर, माही तम्बौर, किशोरगंज ,आर्वी सेउता ,कलिंगनगर सिकौहा ,तथा बिसवां की टीमे शामिल हुई । सभी टीमो ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया क्वाटर फाइनल , सेमीफाइनल, उसके बाद ,अंत मे चौक लखनऊ व किशोरगंज की टीमे फाइनल मुकाबले मे अपना स्थान सुनिश्चित किया । दोनो टीमो के बीच कड़ा संघर्ष हुआ दोनो टीमो का खेल देख दर्शकों ने खूब तालिया बजाई। लखनऊ और किशोरगंज की टीम बीच कला मुकाबला हुआ टीम लखनऊ संघर्ष करते हुए फाइनल मे पहुंची । बिजेता और उप बिजेता टीमो को स्कूल प्रबंधन की तरफ से सम्मानित किया गया इस अवसर पर महताब खान व शकील अहमद अध्यापक ने रेफरी की भूमिका निभाई तथा पूरे खेल की भूमिका इन्ही दोनो पर थी । खेल का स्कोर काउन्ट संतोष यादव व संतोष जायसवाल के द्वार किया इस अवसर भर भारी संख्या मे दर्शक एकत्रित हुए और खेल का आनंद उठाया । लोगो ने इस कबड्डी प्रतियोगिता की भूरि भूरि प्रशंसा भी की । अंत मे बिजेता टीमो को पुरस्कार वितरण करते हुए प्रधानाध्यापक मोहम्मद हुसैन व संरक्षक अब्दुल सलाम ने संयुक्त बयान मे कहा कि खेल हमारे जीवन का आधार है खेलो से हमे शारीरिक तथा बौद्धिक क्षमता का निखार होता है ।ऐसे आयोजन होने से खिलाड़ियो तथा दर्शकों का मनोरंजन भी होता है।



# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत एक की हालत गम्भीर

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। नैमिषारण्य कोतवाली थाना क्षेत्र के अटवा-बीबीपुर मार्ग पर देर रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगाया था। बताया गया कि बकानिया गांव निवासी विशाल (३०) अपनी बाइक से आटवां से घर लौट रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर औरंगाबाद नौसर निवासी गोविंद व उनके परिचित मिथुन सवार थे। ये लोग अटवां से अपने गांव लौट रहे थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी, नैमिषारण्य पहुंचाया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।परिजनों का आरोप है कि सीएचसी में उन्हें एंबुलेंस देरी से उपलब्ध हुई। परिजन अस्पताल परिसर में हंगामा करते रहे। करीब आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा। बाद में सीएमओ सुखरंजन के हस्तक्षेप और फोन पर बातचीत होने के बाद एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक ने विशाल व गोविंद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।परिजनों का आरोप है कि रेफर करने के बाद जब विशाल को एम्बुलेंस से ले जाने की बात कही गई तो ड्राइवर ने आईडी जनरेट न होने की बात कहकर एम्बुलेंस ले जाने से मना कर दिया। इस पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे तक एम्बुलेंस खड़ी रही। बाद में परिजनों ने फोन के माध्यम से सीतापुर सीएमओ सुखरंजन से बात की। सीएमओ के हस्तक्षेप के बाद एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने विशाल और गोविंद को मृत घोषित कर दिया। तीसरे घायल मिथुन का इलाज चल रहा है। लोगों का कहना है कि अगर एम्बुलेंस समय से रवाना हो जाती तो शायद दोनों युवकों की जान बच सकती थी।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस पर हुआ भण्डारा

**( स्वतंत्र भारत )**
महमूदाबाद-सीतापुर। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के मौके पर विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा एवं उनके सहयोगी आलोक कुमार वर्मा सहित अन्य सहयोगियों द्वारा बस स्टाप,महमूदाबाद पर शरबत एवं लैया के भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक एसएस दिनकर, कमल वर्मा, जीशान कदीर, राजाराम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# रंडा लच्छीपुर में पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। सदरपुर के रंडा लच्छीपुर में पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों में यह कुत्ता २० से अधिक लोगों को काट चुका है। गांव के शहरयार खां, राम मिलन, अजय, सलाउद्दीन, अतीक, जुम्मन, जगदीश समेत करीब २० लोगों को कुत्ता काट चुका है। शहरयार ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि कुत्ते को पकड़वाने के लिए कई बार पशु चिकित्सालय महमूदाबाद से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार बच्चे स्कूल जाने और लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल टीम भेजकर कुत्ते को पकड़वाया जाए। एसडीएम ने पशु चिकित्सक को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

# भीषण गर्मी से आमजन का जीना हुआ दुश्वार

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। जिले में पारे के उतार-चढ़ाव के साथ गर्मी का प्रकोप जारी है। शनिवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेचौन कर दिया। सुबह धूप-छांव की स्थिति बनी रही, मगर दोपहर में सूरज की तपिश बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दोपहर में अधिकतम तापमान उछलकर ३८ डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान २८ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस सप्ताह तापमान चढ़ने से गर्मी का प्रकोप बढ़ने के आसार हैं। कुछ देर के लिए बादलों की आवाजाही हुई, लेकिन चिलचिलाती धूप ने उमस बढ़ा दी। सूरज की तपिश से दोपहर में गर्मी के तेवर तीखे हो गए। बाहर निकलने पर तपिश बदन झुलसाने लगी।

# जनगणना के रणबांकुरों का हुआ सम्मान, डीएम ने बढ़ाया हौसला

### हाउस लिस्टिंग - भवन गणना लक्ष्य पूरा करने पर प्रगणक-पर्यवेक्षक पुरस्कृत

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की उपस्थिति में जनगणना 2026-27 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से हाउस लिस्टिंग एवं भवन गणना का कार्य पूरा करने वाले कार्मिकों को डीएम / जिला जनगणना अधिकारी अविनाश सिंह व एसपी सिटी मानुष पारीक ने प्रशस्ति-पत्र और पारितोषिक धनराशि प्रदान की।

सम्मान समारोह में ठिरिया निजावत खाँ से जुड़े उन प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विशेष रूप से सराहा गया, जिन्होंने अपने आवंटित क्षेत्रों में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की भावी योजनाओं और विकास की आधारशिला है। ऐसे में हाउस लिस्टिंग एवं भवन गणना का प्रथम चरण बेहद महत्वपूर्ण है और इसे पूरी निष्ठा से संपन्न करने वाले कार्मिक प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सम्मानित प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की मेहनत अन्य जनगणना कर्मियों के लिए प्रेरणा बनेगी। साथ ही आगामी चरणों में भी इसी समर्पण, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।इस दौरान सीएमओ डॉ विश्राम सिंह, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार व तहसीलदार उपस्थित रहे।

# फायर विभाग का सख्त पहरा, मॉकड्रिल से परखी होटलों की तैयारियां

### अयूब खां चौराहा से डीडीपुरम तक कई प्रतिष्ठानों का हुआ अग्नि सुरक्षा ऑडिट

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** शहर के होटलों और रेस्टोरेंटों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रविवार को फायर विभाग ने विशेष अभियान चलाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा के निर्देशन में अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार की टीम ने अयूब खां चौराहा और डीडीपुरम क्षेत्र के कई होटल एवं रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की पड़ताल की। जांच के दौरान होटल एल ए, होटल सीता किरण, टीएचई रेस्टोरेंट, बार एंड रेस्टोरेंट, होटल श्री महावीर, होटल ब्लू बेल और होटल मिड टाउन समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगे अग्निशमन उपकरणों को परखा गया। अधिकांश स्थानों पर उपकरण कार्यशील मिले, जबकि स्टाफ को आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित भी किया गया। फायर टीम ने मौके पर मॉकड्रिल कर कर्मचारियों और प्रबंधकों को आग लगने की स्थिति में शुरुआती बचाव, आग बुझाने के तरीके और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया समझाई। साथ ही होटल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निकास द्वार हर समय अवरोध मुक्त रहें और अग्निशमन उपकरणों की नियमित टेस्टिंग व रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी आपदा के समय जनहानि की आशंका को न्यूनतम किया जा सके।

# पल्स पोलियो से स्वच्छता तक प्रशासन का मेगा मिशन शुरू, डीएम ने सौंपी जिम्मेदारी

### 28 जून से हर बच्चे तक पहुंचेगी पोलियो की दो बूंद, आठ जून से मलिन बस्तियों में लगेगा 'सरकार आपके द्वार' शिविर

-स्वतंत्र भारत-




**बरेली।** जिले में जनस्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़े दो महत्वपूर्ण अभियानों को डीएम अविनाश सिंह व नागरायुक्त संजीव कुमार मौर्य ने एक साथ आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई है। 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं, जबकि नगर निगम 8 जून से मलिन बस्तियों में विशेष सफाई और जनसमस्या समाधान अभियान चलाएगा। पल्स पोलियो अभियान के तहत डोर-टू-डोर प्रचार, एलईडी स्क्रीन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और जागरूकता रैलियों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जाएगा। पोलियो की खुराक से वंचित रहने वाले बच्चों तक पहुंचने और इंकार करने वाले परिवारों को जागरूक करने के लिए स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग लिया जाएगा। बूथ दिवस पर विद्यालयों में पोलियो केंद्र संचालित होंगे, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएं और विभिन्न विभागों के कर्मचारी अभियान की निगरानी करेंगे। वहीं दूसरी ओर, नगर निगम नौमहला वार्ड की मलिन बस्ती में विशेष सफाई अभियान और 'सरकार आपके द्वार' समाधान शिविर आयोजित करेगा। यहां पेंशन, राशन, बिजली और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनसेवा को एक साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

# बहन के साथ अभद्र टिप्पणी की शिकायत करने से नाराज आरोपियों ने की युवक के साथ मारपीट, प्राथमिकी हुई दर्ज

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ गांव के दो युवको द्वारा अभद्र टिप्पणी करने की शिकायत से नाराज दोनों आरोपियों ने युवती के भाई के साथ मारपीट कर उसको घायल कर दिया है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती गांव के ही कस्तूरबा गांधी स्कूल में साफ सफाई का काम करती है। उसका आरोप है की गांव निवासी गौतम और इरशाद नाम के दोनों युवक उसके साथ रास्ते में अभद्र टिप्पणी किया करते हैं। जिसकी शिकायत युवती ने अपने भाई से की थी।

रविवार सुबह युवती के भाई ने गांव के चौराहे पर दोनों आरोपी गौतम और इरशाद को समझाने का प्रयास किया था। जिससे नाराज दोनों आरोपी युवती के भाई के साथ गाली गलौज करने लगे। जब युवक ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसको मारने पीटने लगे। जिससे युवक के शरीर पर काफी गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शोर शराबा सुन आपस में बीच बचाव कर दिया था। युवक के साथ की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

इधर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया तहरीर व वीडियो के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच व उक्त आरोपियों की तलाश कर रही है।

# हवाला नेटवर्क पर एसएसपी का बड़ा प्रहार, 35 लाख नकद समेत दो दबोचे

### बंद कंपनी के खातों से चलता था करोड़ों का संदिग्ध लेन-देन, दुबई कनेक्शन भी आया सामने

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में बारादरी पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में हवाला कारोबार के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 35 लाख रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और दो फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपी एक बंद पड़ी कंपनी के नाम पर बैंक खाते संचालित कर रहे थे। इन खातों में विभिन्न स्थानों से धनराशि जमा कराई जाती थी, जिसे नकद निकालकर हवाला तंत्र के जरिए टोकन धारकों तक पहुंचाया जाता था। मुखबिर की सूचना पर मो. माधोबाड़ी क्षेत्र में दबिश देकर जगदीश चोटियां और जमीर अहमद को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि जमीर का संपर्क व्हाट्सएप के जरिए दुबई में बैठे जीशान अली से हुआ था। उसके निर्देश पर फर्जी कंपनी और बैंक खाते तैयार किए गए थे। वहीं जगदीश ने पिछले चार वर्षों से हवाला कारोबार में सक्रिय होने की बात कबूल की है। जांच में जीशान अली, मोईन अली, लालचंद्र और धम्माराम के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

बरामदगीः 35 लाख रुपये नकद, 2 फर्जी आधार कार्ड और 4 मोबाइल फोन।

कार्रवाईः थाना बारादरी में मुकदमा दर्ज, आगे की जांच जारी।प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एएसपी /सीओ थर्ड शिवम आशुतोष व इंस्पेटर बारादरी विजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# 24 घंटे में छिनैती का खुलासा, पुलिश ने बरामद किया मोबाइल और नकदी



**बरेली।** थाना इज्जतनगर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर मोबाइल और नकदी छिनैती की घटना का सफल खुलासा कर अपनी तत्परता का परिचय दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षता में लिया और उनके कब्जे से छीना गया वीवो मोबाइल फोन तथा 2,500 रुपये नकद बरामद किए। घटना 6 जून की है, जब गाजियाबाद से लौट रहा 15 वर्षीय फैजान टेम्पो से अपने घर जा रहा था। खजुरिया जुल्फिकार के पास दो युवकों ने उसकी जेब से मोबाइल और हाथ से 3,220 रुपये छीन लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाना इज्जतनगर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि रकम आपस में बांट ली थी और कुछ रुपये खर्च भी कर दिए थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं बढ़ाई गईं। इंस्पेक्टर सुरेश गौतम की निगरानी में उनि मोहित कुमार, उनि अंकित नैन तथा पुलिस टीम की मुस्तैदी से यह सफलता मिली।

## संक्षिप्त समाचार

# किन्नर समाज ने हनुमान मंदिर पर कराया भंडारा, भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवाबगंज।** नगर के मोहल्ला बिजोरिया रोड स्थित हनुमान मंदिर पर रविवार को किन्नर समाज ने एक भव्य भंडारे का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र से आए लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, इस मौके पर कई भाजपा के नेताओं ने भी सहयोग किया। कस्बे की रहने वाली शबनम किन्नर, किरण किन्नर ने मिलकर नगर के बिजोरिया स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर पहुंची भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने किन्नर समाज द्वारा की गई इस पहल की जमकर सरहाना की। डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने कहा किन्नर समाज ने जो पहल की है ये हमारे समाज को जागरूक करती है, उन्होंने कहा किन्नर समाज से मेरा 16 साल पुराना रिश्ता है इनका आश्रीवाद मेरे ऊपर सदैव बना रहे।इस दौरान शबनम किन्नर और किरण किन्नर ने डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद सोनू राठौर भी मौजूद रहे।

# हाईवे पर चलती बस का निकला पहिया,सवारियों में मची अफरातफरी

### गोला डिपो की थी रोडवेज बस,दिल्ली से रूपेडिया को रही थी जा

**फतेहगंज पूर्वी।** दिल्ली से चलकर रूपेडिया को जाने वाली बस में उसे समय अफरातफरी मच गई,जिस समय बरेली सीतापुर हाईवे पर रमपुरा मोड़ के पास रोडवेज बस का पहिया निकल कर बस से आगे-आगे दौड़ने लगा। जैसे ही बस चालक ने बस का पहिया आगे दौड़ते हुए देखा तो उसने तुरंत बस को अपने कब्जे में लेना शुरू किया,लेकिन तब तक दूसरा टायर भी फट चुका था। यह नजारा देखकर सवारी में अफरातफरी मच गई। चालक ने किसी तरह बस को कंट्रोल कर बस को साइड से रोका। लेकिन तब तक सवारियों को एका एक धक्का लगने से उनकी जान हलक में आ गई थी। घटना शनिवार रात 10:20 की है। सवारियो के हल्ला काटने पर परिचालक ने सभी सवारियों को बस से बाहर उतारा ।हालांकि किसी भी सवारी को गंभीर चोट नहीं थी। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची में सभी सवारियों को दूसरी बस की सहायता से उनके गंतव्य को रवाना करा दिया। खबर लिखे जाने तक चालक और परिचालक बस के उस टायर को खोज रहे थे जो बस से निकलर बस से आगे भाग रहा था। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया सूचना पर मौके पर टीम को भेज कर सभी सवारियों को सुरक्षित उनके गंतव्य को भिजवा दिया गया है। किसी को भी कोई गंभीर चोट नहीं थी।

# शादी के चार माह बाद नवविवाहिता का शव फंदे पर लटका हुआ मिला, जांच में जुटी पुलिस



**फतेहगंज पूर्वी ।** थाना क्षेत्र के गांव छोटी रधौली में एक नवविवाहिता का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, रोशनी पत्नी विशाल पुत्री रामसेवक निवासी ग्राम शाहपुर जागीर, थाना मोहम्मदी, जिला लखीमपुर खीरी की शादी 20 फरवरी 2026 को छोटी रधौली निवासी विशाल के साथ हुई थी। शनिवार को रोशनी का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की मौके पर नायब तहसीलदार शुभम पाण्डेय की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।वही ससुराल वालों के मुताबिक जब रोशनी को फंदे पर लटका हुआ देखा था जिसके बाद रोशनी को उतारकर गांव के डॉक्टरों के पास लेकर गए डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।बताया जाता है कि रोशनी अपने सात भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी चुनाव में दाखिल हुए 24 नामांकन पत्र

**नवाबगंज।** करीब 8 साल बाद हो रहे धार्मिक संस्था रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी चुनाव के लिए आज रविवार को 24 नामांकन पत्र दाखिल हुए। कल (आज) नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापस लिए जा सकते हैं।कस्बे के दशरथ भवन पर रविवार को हुई नामांकन प्रक्रिया में दीपक कुमार गुप्ता, राम औतार गुप्ता वाला जी, मंशाराम गंगवार, प्रदीप सूरी, अशोक कुमार चक्रवर्ती, राजेन्द्र प्रसाद कटियार, संजोग कुमार गुप्ता, अमर सिंह राठौर, सुरेन्द्र कुमार गौड़, अखिलेश शर्मा, रामधुन गुप्ता, मदन मोहन दीक्षित, नरेश चन्द गुप्ता, नरेश गंगवार, कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रेमप्रकाश रस्तोगी, शिशुपाल सिंह गंगवार, सुरेंद्र कुमार सक्सेना, रमेश शर्मा पप्पू, शैलेश चन्द्र शर्मा उर्फ मनोज शर्मा, तरुण मेहरोत्रा, शैलेन्द्र शर्मा, दिलीप कुमार गुप्ता और चंद्र प्रकाश गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव अधिकारियों रमेश चन्द्र श्रीवास्तव और अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि कल (आज) 8 जून को 2 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापस लिए जा सकते हैं। 20 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 103 बोर्ड ऑफ कंट्रोल के सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। आज 24 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं इनका चुनवा 14 जून को होगा। दूसरी ओर पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने धार्मिक संस्था रामलीला सोसाइटी कार्यकारिणी के चुनाव के निर्विरोध होने पर जोर दिया।

# नवादा वन में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर स्मृति द्वार का लोकार्पण, निकली भव्य शोभायात्रा

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** रविवार को 122 विधानसभा फरीदपुर क्षेत्र के नवादावन रोड पर लोकमाता माँ अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दया, सत्य, त्याग और न्याय की प्रतीक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में बनाए गए स्मृति द्वार का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विधायक रहे स्वर्गीय प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के सौजन्य से किया गया। स्मृति द्वार का लोकार्पण सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह एवं विधायक स्व. प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के पुत्र ईशान ग्वाल ने संयुक्त रूप से किया।

इसके उपरांत लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 301वीं जयंती पर आयोजित भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने सहभागिता की। शोभा यात्रा का मेन रोड पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता ने अपने आवास के सामने पुष्प बरसाकर भाव्या स्वागत किया । शोभायात्रा में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों एवं उनके न्यायप्रिय शासन को याद किया गया।आपको बताते चलें कि छत्रपाल सिंह दिवाकर फरीदपुर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी से बहुत ही प्रबल दावेदार हैं जो अपना फरीदपुर में हर रोज सभी कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी शाख को लगातार ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। छत्रपाल सिंह दिवाकर सन 2006 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली से छात्र संघ का चुनाव जीतकर महामंत्री चुने गए। कार्यक्रम में इस दौरान पर पूर्व जिलाध्यक्ष वीर सिंह पाल, जिला उपाध्यक्ष सुभाषिनी जायसवाल, जिला मंत्री संजय सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष प्रतुल अग्रवाल, रजऊ मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर, फतेहगंज पूर्वी मंडल अध्यक्ष सोमदत्त पाल, जिला कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, पुष्पेंद्र बघेल, हकीम पाल सिंह, पुष्पेंद्र यादव,राजेश गुप्ता,चंदन शुक्ला सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुहर्रम त्यौहार को लेकर थाने में रखी गई पीस कमेटी की बैठक

-स्वतंत्र भारत-



**फतेहगंज पूर्वी।** नगर के थाना में रविवार को देर शाम आगामी मोहर्रम के त्यौहार को लेकर एक शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया इसमें नगर के अलावा समस्त क्षेत्र के नागरिकों एवं मुस्लिम समाज के धर्म गुरुओं उलेमा ने भाग लिया इस बैठक में शामिल होने आए हुए सभी लोगों से त्योहार को शांति पूर्वक मनाई जाने की अपील पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने की वहीं क्षेत्र के दूर-दराज गांवों से आए हुए समस्त ग्रामवासियों द्वारा पुलिस प्रशासन को हर प्रकार का सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया इस मौके पर थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने कहा कि अगर किसी को कोई समस्या है तो वह पहले पुलिस को अवगत करा दो समय रहते समस्या का समाधान कर दिया जाएगा लेकिन अगर त्यौहार में किसी ने रंग में भंग डालने की कोशिश की तो प्रशासन और पुलिस शासन के दिशा निर्देशों का पालन करना है बैठक को नायब तहसीलदार शुभम पांडे ने भी संबोधित किया इस अवसर पर नगर की संभ्रांत नागरिकों में अध्यक्ष संजय पाठक नगर पंचायत के समस्त मेंबर समाजसेवी डॉ यशपाल सिंह रामू पंकज अग्रवाल पवन राज मिश्रा एवं शाहपुर बनियान के प्रधान रामकिशोर गुप्ता टिसुआ के प्रधान कादरगंज पढेरा बाकरगंज शिवपुरी नगरिया कला एवं संवेदनशील गांव रम्मपुरा कमन के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे अंत में बैठक में शामिल होने आए सभी लोगों का थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया उन्होंने सभी लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन हर समय आपकी सेवा में तत्पर है आप पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें अगर कोई समस्या है तो हमें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या फोन द्वारा से अवगत करा सकते हैं आपकी समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा सभी लोगों ने त्योहार को शांतिपूर्वक मनाया जाने का आश्वासन पुलिस को दिया।

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी कि बैठक, निर्धारित मार्गो से ही निकले ताजिया जुलूस कोई परंपरा न शुरू करें: एसडीएम, राम जनम यादव

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** रविवार को थाना प्रांगण में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना फरीदपुर परिसर में पुलिस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी राम जनम यादव एवं क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में ताजियादारों, धर्मगुरुओं एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली,पेयजल एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और शांति का संदेश देता है, इसलिए सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं।

उप जिलाधिकारी राम जनम यादव ने निर्देश दिए कि सभी जुलूस निर्धारित मार्ग एवं तय समय के अनुसार ही निकाले जाएं। वहीं क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करें। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसा कोई करता है तो तत्काल थाना पीस को सूचना दें । बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान थाना प्रभारी राधे श्याम,इंस्पेक्टर क्राइम चमन सिंह भड़ाना, सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# डॉ अमित शर्मा ने स्मार्ट ढंग से किया ग्रामवासियों को जागरूक पर्यावरण संरक्षण पर ऑनलाइन वर्कशॉप का किया आयोजन

### शिक्षकों और ग्रामवासियों ने किया पौधारोपण

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** बीएसए डॉ विनीता और बीईओ फरीदपुर शीश पाल सिंह के निर्देशन में कंपोजिट स्कूल नवादा बिलसंडी विश्व पर्यावरण दिवस अनोखे अंदाज में मनाया गया। राज्य पुरस्कृत शिक्षक, राज्य आईसीटी पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ. अमित शर्मा ने स्मार्ट ढंग से पीपीटी के माध्यम से पूर्व विद्यार्थियों और ग्रामजनों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। बीजों को मिट्टी में लपेटकर सीड बॉल्स तैयार कर विभिन्न क्षेत्रों में फेंकी गई जिससे बरसात होने पर सीड बॉल्स की मिट्टी गलकर अलग हो जाए और बीज जमीन में जम जाए। वरिष्ठ शिक्षक डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने भी ग्रामवासियों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की और इस हेतु उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम महाअभियान से ग्रामजनों को जोड़ते हुए शिक्षकों और ग्रामवासियों ने पौधारोपण भी किया। विद्यार्थियों हेतु पर्यावरण संरक्षण पर ऑनलाइन वर्कशॉप डॉ. अमित शर्मा ने आयोजित की जिसमें ऋषिकेश से वक्ता गौरव पाण्डे ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की साथ ही विद्यार्थियों की पर्यावरण संरक्षण में भूमिका पर भी प्रकाश डाला साथ ही बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

# आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिर बने दिनेश गोयल, उद्योग जगत में खुशी की लहर

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में बरेली के वरिष्ठ उद्योगपति और रामा श्यामा पेपर मिल के स्वामी दिनेश गोयल को वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। लखनऊ में आयोजित केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में उनके नाम पर आम सहमति बनी, जिसके बाद उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की गई। दिनेश गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी औद्योगिक केंद्र बनाने के लिए आईआईए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी। नए निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन बढ़ाने और औद्योगिक आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने, आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने को प्राथमिकता बताया।

उद्योग जगत का मानना है कि उनके पिछले कार्यकाल में उद्यमियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंचाया गया और कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हुआ। यही कारण है कि उन्हें लगातार दूसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई।उनके पुनर्निर्वाचन पर बरेली सहित प्रदेशभर के उद्योगपतियों और उद्यमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए सकारात्मक संकेत बताया।इस उपलब्धि पर अभिनव गोयल,घनश्याम खंडेलवाल ,राजीव सिंघल, अल्पित अग्रवाल, अजय शुक्ला व अनंतवीर सिंह,पारुल मालिक आदि ने बधाई दी है।

# बंगाल : तृणमूल नेताओं के लिए आ गए आफत के दिन

## किसी को पहनाई जूतों की माला तो कोई डर से साड़ी के ढेर में छुपा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जनता का गुस्सा लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। हावड़ा जिले में सामने आई दो अलग-अलग घटनाओं ने राज्य की राजनीति को फिर गरमा दिया है। एक तरफ टीएमसी नेता पुलिस से बचने के लिए साड़ियों के ढेर में छिपा मिला, तो दूसरी तरफ एक अन्य नेता को ग्रामीणों ने जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। दोनों घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। हावड़ा के उदयनारायणपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर इलाके में पुलिस टीएमसी के स्थानीय नेता ब्रह्मानंद चक्रवर्ती की तलाश में पहुंची थी। स्थानीय लोगों ने उन पर सरकारी आवास योजना में कथित 'कट मनी' लेने और जबरन वसूली के आरोप लगाए थे। पुलिस जब उन्हें पकड़ने पहुंची तो वह एक कपड़े की दुकान के स्टोररूम में साड़ियों के बड़े ढेर के नीचे छिप गए। तलाशी के दौरान पुलिस को शक हुआ और साड़ियों के बंडल हटाए गए। इसके बाद ब्रह्मानंद चक्रवर्ती को वहीं से बाहर निकाला गया और गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि उनके खिलाफ 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हुई राजनीतिक हिंसा से जुड़े आरोपों की भी जांच चल रही है। हावड़ा जिले के ही आमरदाहा गांव में एक अन्य टीएमसी नेता सन्यासी मन्ना के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आया। गांव वालों का आरोप है कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर गरीब लोगों से पैसे वसूलता था। ग्रामीणों का दावा है कि उसके घर से आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड भी मिले हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि बिना पैसे दिए योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। इसी नाराजगी के बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सन्यासी मन्ना का सिर मुंडवाया, गले में जूतों की माला पहनाई और गांव में घुमाया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में लोग नारेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने आरोपी नेता को भीड़ से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### क्या बंगाल की राजनीति में बढ़ रही है बेचैनी?

पश्चिम बंगाल में स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार, कट मनी और सरकारी योजनाओं में अनियमितताओं को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। कई जगहों पर लोगों का गुस्सा स्थानीय नेताओं के खिलाफ खुलकर सामने आ रहा है। विपक्ष लगातार टीएमसी नेताओं पर भ्रष्टाचार और उगाही के आरोप लगाता रहा है। अब इन घटनाओं ने राज्य की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि जनता का बढ़ता गुस्सा आने वाले समय में बंगाल की राजनीति पर बड़ा असर डाल सकता है।

# महाराष्ट्र समेत आठ राज्यों में पहुंचा मानसून

## केरलम-तमिलनाडु में भारी बारिश, चेन्नई में पारा 40 डिग्री



**नई दिल्ली।** मानसून दक्षिण कोंकण पहुंच गया है। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर के मिजोरम और मणिपुर में भी मानसून पहुंच चुका है। अगले दो दिन में यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के बाकी हिस्सों, तेलंगाना और पूर्वोत्तर के बाकी राज्यों में पहुंच सकता है। मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। उत्तर भारत में भी पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ दिल्ली, यूपी, पूर्वी राजस्थान में तेज गर्मी का दौर दोबारा शुरू हो गया है। यहां कई इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है।

### एमपी-राजस्थान में 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चली

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। एमपी में भोपाल समेत 4 जिलों में 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाली आंधी चली।

राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे। आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों में मानसून पूर्वोत्तर के सभी राज्यों और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। अगले 10 दिनों में इसके बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी रह सकती है, क्योंकि इसे आगे बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत मौसम सिस्टम एक्टिव नहीं है।

# अमरनाथ यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं



**पहलगाम।** श्री अमरनाथ यात्रा-2026 को देखते हुए ग्रामीण स्वच्छता विभाग की महानिदेशक (डीजी) अनु मल्होत्रा ने पहलगाम मार्ग पर स्वच्छता तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा शुरू होने से पहले सभी स्वच्छता सुविधाएं समय पर पूरी करने और बेहतर कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के बाद महानिदेशक ने नुनवन बेस कैंप से चंदनवाड़ी तक चल रहे स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शौचालयों और अन्य स्वच्छता ढांचे की प्रगति का

### कार्यों का जायजा लेने पहुंचीं डीजी

जायजा लिया तथा संबंधित एजेंसियों को तय समय सीमा के भीतर सभी काम पूरे करने को कहा। उन्होंने यात्रा मार्ग पर ठोस और तरल कचरा प्रबंधन, कचरा संग्रहण केंद्र, ड्रेनेज व्यवस्था और कचरे के वैज्ञानिक निपटान की तैयारियों की भी समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्ग को साफ-सुथरा और कचरा मुक्त रखने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। महानिदेशक ने सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई, पर्याप्त जलापूर्ति, स्नान स्थलों के रखरखाव और यात्रियों के लिए बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही रणनीतिक स्थानों पर पर्याप्त सफाई कर्मियों की तैनाती और चौबीसों घंटे निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।उन्होंने यात्रा के दौरान निगरानी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए क्यूआर कोड आधारित और अन्य तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम अपनाने पर भी जोर दिया। इस दौरान संबंधित अधिकारी उनके समक्ष रहे।

# आठ मिमी आकार की चने की 12 दालों पर उकेरे 12 ज्योतिर्लिंग

## वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ दीक्षा का नाम



**उज्जैन।** प्रतिभा और लगन के दम पर उज्जैन की बेटी दीक्षा कुशवाह ने एक अनोखा विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ऋषि नगर निवासी दीक्षा ने मात्र 8 मिलीमीटर आकार की 12 चने की दाल पर भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की आकृतियां उकेरकर वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त किया है। खास बात यह है कि उन्होंने यह अद्भुत उपलब्धि केवल 22 मिनट में हासिल की। दीक्षा ने 13 अप्रैल को माइक्रोस्कोपिक टूल और विशेष ब्रश की सहायता से चने की एक दाल पर 12 ज्योतिर्लिंगों की सूक्ष्म आकृतियां तैयार कीं। इतनी छोटी सतह पर इतनी बारीकी से कला का प्रदर्शन करना अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि मानी जा रही है। दीक्षा ने बताया कि केदारनाथ, बद्रीनाथ और बाबा महाकाल के दर्शन के बाद उनके मन में कुछ अलग और अनोखा करने का विचार आया। इसी दौरान उन्होंने अपने कॉलेज में अन्य विद्यार्थियों को विश्व रिकॉर्ड बनाते देखा, जिसके बाद उन्होंने सबसे छोटी सतह पर 12 ज्योतिर्लिंग उकेरने का लक्ष्य तय किया। उन्होंने यह उपलब्धि शिप्रा फाइन आर्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभिषेक तोमर के मार्गदर्शन में हासिल की। दीक्षा इससे पहले भी अपनी सूक्ष्म और रचनात्मक कलाकृतियों के माध्यम से कला प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर चुकी हैं। हालांकि चने की दाल पर 12 ज्योतिर्लिंग उकेरने की इस उपलब्धि ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।

# 15 दिन में 25 लाख पार पहुंचा महाकाल दर्शन का आंकड़ा



**उज्जैन।** नौतपा की भीषण गर्मी भी बाबा महाकाल के भक्तों की आस्था को कम नहीं कर पाई। 15 मई से 3 जून तक सिर्फ 20 दिनों में 25,04,512 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। मई माह की बात की जाए तो 20 मई से 31 मई के बीच 12 दिनों में 21,15,543 भक्त दरबार पहुंचे। सबसे ज्यादा भीड़

### नौतपा में भी नहीं थमे भक्तों के कदम

रविवार 24 मई को रही, जब एक दिन में 2,46,776 श्रद्धालुओं ने रिकॉर्ड बनाया। शनिवार 23 मई को 1,95,106 और सोमवार 25 मई को 1,96,480 भक्तों ने शीश नवाया।

**जून में भी नहीं रुका सैलाब-** जून के पहले तीन दिन भी आस्था का जनसैलाब जारी है। 1 जून 1,27,023 श्रद्धालु, 2 जून 1,31,223 श्रद्धालु, 3 जून 1,30,223 श्रद्धालु यानी जून में हर दिन औसत 1.29 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने भीषण गर्मी देखते हुए दर्शन मार्ग पर शेड, मैटिंग, ठंडे पेयजल, मिस्ट सिस्टम और हीट-प्रूफ पाथ की व्यवस्था की है। ताकि नौतपा में भी भक्त आराम से दर्शन कर सकें।

# दिल्ली : संपत्ति विवाद में हुई थी महिला प्रोफेसर की हत्या



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में हुई दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की असिस्टेंट प्रोफेसर देबोस्मिता पॉल की हत्या के मामले में पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल से दंपती को गिरफ्तार किया है, प्रॉपर्टी विवाद के चलते दोनों हत्या को अंजाम

### 1400 किमी दूर से आए दंपति

### कत्ल किया और चले गए

दिया था। यह चौंकाने वाला मामला 1400 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल में स्थित संपत्ति पर कब्जे की मंशा से जुड़ा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक प्रोफेसर देबोस्मिता पॉल और गिरफ्तार किए गए किराएदार दंपती के बीच पश्चिम बंगाल स्थित एक संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। प्रोफेसर अपने नाना की उस संपत्ति को खाली करवाना चाहती थीं, लेकिन आरोपी उस पर कब्जा जमाए रखना चाहते थे। इसी विवाद ने धीरे-धीरे इतना गंभीर रूप ले लिया कि आरोपियों ने प्रोफेसर को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली। पुलिस के अनुसार, यह हत्या पूरी सोची-समझी साजिश का हिस्सा थी, जिसके लिए आरोपी पश्चिम बंगाल से दिल्ली पहुंचे थे। प्रोफेसर देबोस्मिता पॉल की हत्या के बाद दिल्ली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमों का गठन किया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी और उन्होंने तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज की भी गहनता से जांच की। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। दिल्ली पुलिस की एक विशेष टीम ने पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले में छापेमारी कर दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# दिल्ली होटल अग्निकांड : शेफ की एक गलती बनी 21 लोगों का काल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर होटल अग्निकांड में 21 लोगों की मौत के बाद पुलिस लगातार आग लगने की वजहों को तलाशने में जुटी है। इसी जांच के बीच एक बेहद हैरान करने वाला खुलासा सामने आया है। हादसे के वक्त किचन में मौजूद मुख्य शेफ केशव नेगी को पुलिस ने शनिवार को करीब छह घंटे की लंबी पूछताछ के बाद हिरासत में ले

### मेन पावर कट होते ही कमरे बने 'मौत का चैंबर'

लिया है। शेफ ने पुलिस को जो कुछ बताया, उससे साफ हो गया है कि यह हादसा इतना भयानक कैसे हो गया दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, शेफ नेगी ने बताया कि बुधवार की सुबह जब वह किचन में काम कर रहा था, तभी इलेक्ट्रिक स्टोव चालू करते ही उसमें एक जोरदार धमाका हुआ। इस ब्लास्ट के साथ ही पूरी रसोई में भीषण आग लग गई। लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते आग पूरी बहुमंजिला इमारत में फैल गई। जांच में जो सबसे चौंकाने वाली बात सामने आई है, वह यह कि आग और धुआं देखकर शेफ नेगी बुरी तरह घबरा गया। अपनी जान बचाने के चक्कर में उसने बिना सोचे-समझे पूरे होटल की मेन पावर सप्लाई बंद कर दी और खुद वहां से भाग निकला। पुलिस को शक है कि जैसे ही होटल की बिजली कटी, इमारत का इलेक्ट्रॉनिक डोर लॉकिंग सिस्टम यानी कमरों और रास्तों के ऑटोमैटिक दरवाजे पूरी तरह ठप हो गए। लाइट जाते ही ये सारे लॉक जाम हो गए और अंदर ठहरे हुए मेहमान कमरों के भीतर ही फंस कर रह गए।

# आंधी-तूफान के कारण 500 बड़े तिरंगे अस्थायी रूप से उतारे गए

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हो रहे राष्ट्रीय ध्वजों को बचाने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शहरभर में लगाए गए करीब 500 बड़े तिरंगों को अस्थायी रूप से उतारने का निर्णय लिया है। विभाग का कहना है कि मौसम विभाग की तूफान संबंधी चेतावनी समाप्त होने के बाद इन्हें दोबारा फहराया जाएगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, तेज हवाओं और खराब मौसम के कारण कई स्थानों पर लगे तिरंगे फट गए और उन्हें नुकसान पहुंचा। ऐसे में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने और आगे होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सभी बड़े झंडों को हटाने का फैसला लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर करीब 115 फुट ऊंचे ध्वजदंडों पर बड़े आकार के तिरंगे लगाए गए हैं। इन झंडों को क्षति से बचाने के लिए पॉलिस्टर सामग्री का उपयोग किया गया था, लेकिन हाल के दिनों में चली तेज हवाओं के कारण कई झंडे क्षतिग्रस्त हो गए।

## एक नजर

### इंजीनियर के बैंक लॉकरों में दो करोड़ कैश मिला

**ओडिशा में पांच मल्टीस्टोरी बिल्डिंग समेत 13 प्लॉट**

**27 साल पहले 6000 सैलरी पर हुई थी नियुक्ति**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बैकुंठ नाथ बेहरा के पास से करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है। बेहरा कंधमाल जिले के बलिगुड़ा स्थित एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) में पदस्थ हैं। उनका 1999 में जूनियर इंजीनियर के पद पर अपॉइंटमेंट हुआ था। तब सैलरी 6 हजार रुपए थी। ओडिशा विजिलेंस को बेहरा के पास आय से ज्यादा संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद भुवनेश्वर के विशेष न्यायाधीश (विजिलेंस) के सर्च वारंट के आधार पर विजिलेंस ने शुक्रवार को भुवनेश्वर, जाजपुर, बारिपदा और कंधमाल जिले के कुल 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 5 बहुमंजिला इमारतें, 13 प्लॉट, सोने के गहने और बैंक लॉकरों से करीब 2.4 करोड़ कैश बरामद किए गए हैं। सभी संपत्तियों की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इसे हाल के वर्षों की सबसे बड़ी आय से अधिक संपत्ति की कार्रवाइयों में एक माना जा रहा है। भुवनेश्वर के 4 इलाकों के अलावा जाजपुर जिले के धर्मशाला स्थित पैतृक घर, रिश्तेदारों के आवास, सरकारी क्वार्टर और ऑफिस में भी तलाशी ली गई। कार्रवाई में 2 एडिशनल एसपी, 5 डीएसपी, 6 इंस्पेक्टर और बड़ी संख्या में अन्य अधिकारियों को लगाया गया। जांच में अब तक पांच बड़ी इमारतों का पता चला है। इनमें भुवनेश्वर स्थित नीलाद्री विहार में लगभग 10,500 वर्गफुट क्षेत्रफल वाली चार मंजिला इमारत सबसे बड़ी है। इसके अलावा सैलश्री विहार में तीन मंजिला भवन, पटिया में दो मंजिला मकान, चंद्रशेखरपुर में दो मंजिला मकान है।

### राजोरी के जंगलों में 16वें दिन भी ऑपरेशन शेरूवाली जारी

**सुरक्षाबलों ने संदिग्ध ठिकाने पर की फायरिंग**

**राजोरी।** राजोरी जिले के गंभीर मुगला क्षेत्र के डोरिमल गंभीर मुगला के जंगलों में आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका के बीच सुरक्षा बलों का संयुक्त तलाशी अभियान लगातार 16वें दिन भी जारी रहा। सुरक्षाबलों ने शनिवार को भी जंगलों को खंगाला और एक संदिग्ध ठिकाने पर गोलीबारी भी की। सूत्रों के अनुसार, अभियान के दौरान सेना ने संदिग्ध गतिविधियों वाले एक स्थान पर एहतियातन फायरिंग के बाद दूसरी ओर से कोई जवाबी फायरिंग नहीं हुई। इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियां इलाके में संभावित आतंकियों की तलाश में गहन सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। सुरक्षा बलों ने जंगल के विस्तृत क्षेत्र को घेरकर तलाशी अभियान और निगरानी को और तेज कर दिया है। अभियान में सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवान शामिल हैं। ड्रोन, आधुनिक निगरानी उपकरण और विशेष खोजी दलों की मदद से दुर्गम इलाकों की भी लगातार तलाशी ली जा रही है।अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया था और जब तक पूरा इलाका पूरी तरह से खंगाल नहीं लिया जाता, ऑपरेशन जारी रहेगा। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और स्थानीय लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की गई है।

### जबलपुर में गोली लगने से भाजपा नेत्री की मौत

**घर पर हुआ पथराव तो पति को देने जा रही थीं राइफल तभी हुआ हादसा**

**जबलपुर।** रांझी क्षेत्र में दुर्घटनावश गोली लगने के कारण भाजपा नेत्री की मौत हो गई। फरार चल रहे क्षेत्र के असामाजिक तत्वों ने गत रात भाजपा नेत्री के फिर से पथराव कर दिया था। पति व देवर घर से बाहर निकले से भाजपा नेत्री उन्हें सुरक्षा के लिए राइफल देने जारी रही थी। राइफल देते समय ट्रिगर दब जाने के कारण भाजपा नेत्री को पेट में गोली लग गई। जिन्हें गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के अनुसार पुराने शोभापुर निवासी संगीता रजक पति बंटी रजक (38) भाजपा नेत्री थीं। उन्हें गत नगर निगम चुनाव में पार्टी ने पार्षद प्रत्याशी बनाया था। भाजपा नेत्री के घर में गत 28 मई को आपसी रंजिश के कारण प्रवीण रजक तथा पवन रजक ने बमबारी की थी। तभी से आरोपी फरार चल रहे थे और उन्होंने गत रात भी उनके घर में पथराव कर दिया। पथराव की घटना होने पर उनके पति व देवर घर से बाहर निकल आए थे। भाजपा नेत्री उन्हें सुरक्षा के लिए लाइसेंसी राइफल लेकर देने गई थीं। राइफल देने के दौरान गलती से उसका ट्रिगर दब गया था। राइफल से निकली गोली भाजपा नेत्री के पेट में जा लगी। भाजपा नेत्री को परिजन गंभीर अवस्था में उपचार के निजी अस्पताल ले गए।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में बढ़ा खतरा, दो महीने में 8 बाघों की मौत



**मंडला।** कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बार फिर कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) का मामला सामने आने से वन विभाग और वन्यजीव विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई है। किसली रेंज के संदुकखोल क्षेत्र में

### अब एक और बाघ निकला सीडीवी पॉजिटिव

एक बाघ के असामान्य व्यवहार की सूचना मिलने पर पार्क प्रबंधन ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर उसे मुक्की रेंज स्थित क्वारेंटाइन सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार और लगातार निगरानी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले पर्यटन क्षेत्र में आए पर्यटकों ने बाघ की असामान्य गतिविधियों को देखा और इसकी सूचना पार्क प्रबंधन को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और बाघ की लगातार मॉनिटरिंग शुरू की गई। विशेषज्ञों की सलाह के बाद गुरुवार शाम उसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर क्वारेंटाइन सेंटर पहुंचाया गया। अधिकारियों के मुताबिक शुरुआती जांच में बाघ में न्यूरोलॉजिकल समस्या के संकेत मिले थे, लेकिन विस्तृत परीक्षण में वह सीडीवी पॉजिटिव पाया गया। फिलहाल उसे अन्य वन्यजीवों से अलग रखकर विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कान्हा टाइगर रिजर्व में पिछले दो महीनों के दौरान 8 बाघों की मौत हो चुकी है। इनमें सीडीवी संक्रमण से मृत अमही बाघिन, उसके चार शावक और महावीर नर बाघ भी शामिल हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों ने पार्क प्रबंधन को हाई अलर्ट पर ला दिया है। कान्हा के उपसंचालक (कोर) पी.के. वर्मा ने बताया कि सीडीवी के खतरे को देखते हुए किसी भी बीमार या असामान्य व्यवहार करने वाले बाघ की सूचना मिलते ही तत्काल रेस्क्यू और मेडिकल जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में दो संक्रमित बाघों का सफल उपचार कर उन्हें दोबारा जंगल में छोड़ा जा चुका है। फिलहाल विशेषज्ञों की टीम संक्रमित बाघ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। स्वास्थ्य में सुधार और रिपोर्ट संतोषजनक आने के बाद उसे पुनः प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

## कूनो में एक और झटका : मादा चीता की मौत



**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क में चीता पुनर्स्थापन परियोजना को एक और बड़ा झटका लगा है। 27 महीने की भारतीय-जनित मादा चीता केजीपी11 की उपचार के दौरान मौत हो गई। चीता प्रोजेक्ट की ओर से जारी आधिकारिक प्रेस नोट में इसकी पुष्टि की गई है। जानकारी के अनुसार, 1 जून की सुबह मॉनिटरिंग टीम को रेडियो कॉलर के सिग्नल से केजीपी-11 की लोकेशन पहाड़गढ़ के घने जंगल में मिली। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि मादा चीता के शरीर पर गहरे जख्म थे और वह चलने में असमर्थ थी। वन विभाग की टीम ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर उसे कूनो के पालपुर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया था। विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ ने उसके इलाज के लिए लगातार प्रयास किए। पालपुर स्थित वन्यजीव अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने उसका परीक्षण किया परीक्षण में आंतरिक रक्तस्राव मिला। लगातार ड्रिप, एंटीबायोटिक और दर्द निवारक दवाएं दी गईं। लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मादा चीता की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए 7 जून को पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि उसे चोट कैसे लगी और मौत की मुख्य वजह क्या रही। विशेषज्ञों की मानें तो खुले जंगल में दूसरी पीढ़ी के चीतों को सर्वाइव करना चुनौती है। उन्हें शिकार करना, इलाका बनाना और बड़े परभक्षियों से बचना सीखना पड़ता है। केजीपी-11 अभी

### इलाज के दौरान तोड़ा दम

पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं थी। संभव है कि वह शिकार के चक्कर में तेंदुए के इलाके में चली गई हो।

**25 दिनों में आठ चीतों की मौत-** वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केजीपी-11 नर चीता पावक और मादा चीता गामिनी की संतान थी। वह भारत की धरती पर जन्मी दूसरी पीढ़ी की चीता थी। उसकी मौत से परियोजना को बड़ा झटका लगा है। पिछले 25 दिनों में कूनो ने भारत में जन्मे पांच चीतों को खो दिया है। इससे पहले 12 मई को केजीपी-12 के चार नवजात शावकों की मौत हो चुकी है। इस घटना के बाद कूनो नेशनल पार्क में चीतों की संख्या घटकर 49 रह गई है। इनमें 32 भारतीय-जनित चीते शामिल हैं।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, सोमवार, 8 जून 2026

# रिश्तों में दरार : इस्राइल कर रहा अमेरिकी एजेंसी की जासूसी?

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन ने इस्राइल की जासूसी गतिविधियों को लेकर बड़ी चिंता जताई है। पेंटागन ने इस्राइल

■ पेंटागन की रिपोर्ट से दुनिया में खलबली

से जुड़े जासूसी के खतरे को बढ़ाकर गंभीर (क्रिटिकल) स्तर पर पहुंचा दिया है। यह रिपोर्ट का सबसे ऊंचा आंतरिक मूल्यांकन स्तर है। रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) ने इस संबंध में चेतावनी जारी की है। अमेरिकी रक्षा विभाग को डर है कि इस्राइल उनके वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी बढ़ा सकता है। यह स्थिति तब पैदा हुई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर मतभेद बढ़ गए हैं।



एनबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट में दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने इस बात का खुलासा किया है। एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका पहले से ही इस्राइल के आधिकारिक दौरों पर सुरक्षा के बहुत कड़े इंतजाम करता है। इस्राइली जासूसी तंत्र को जानकारी जुटाने के मामले में बहुत आक्रामक माना जाता है। सुरक्षा के लिए अमेरिकी अधिकारी इस्राइल में अस्थायी कंप्यूटर और बर्नर फोन का इस्तेमाल करते हैं। वे बातचीत के लिए बहुत ही सीमित और सुरक्षित संचार नियमों का पालन करते हैं। पूर्व राजनयिकों और सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी अधिकारी इस्राइल में होटल के कमरों या किसी भी असुरक्षित जगह पर गोपनीय चर्चा करने से बचते हैं। रक्षा खुफिया एजेंसी ने हाल के हफ्तों में एक आंतरिक नोटिस और सात पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया है। इसमें इस्राइल की जासूसी क्षमताओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल इंसानी जासूसी और तकनीकी जासूसी, दोनों ही क्षेत्रों में बहुत ज्यादा सक्षम है। इस खतरे को अब गंभीर स्तर पर माना जाना चाहिए। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर उन अमेरिकी कर्मियों पर पड़ेगा जो इस्राइल की यात्रा करते हैं या इस्राइली अधिकारियों के साथ काम करते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का सामान्य काम पहले की तरह ही चलता रहेगा।

### व्हाइट हाउस ने क्या कहा?

सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की एमिली हार्डिंग ने कहा कि इस्राइल का खुफिया ढांचा बहुत आक्रामक है। वे यह जानने में बहुत ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं कि अमेरिका क्या कर रहा है। हालांकि, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने इस पूरी खबर को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि यह जानकारी ऐसे व्यक्ति ने दी है जिसे घटनाओं की सही जानकारी नहीं है।

### इस्राइल ने क्या कहा

वहीं दूसरी ओर, वॉशिंगटन में इस्राइली दूतावास ने भी इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि इस्राइल अमेरिकी संस्थाओं या अधिकारियों की जासूसी नहीं करता। उन्होंने साफ किया कि इस्राइल की खुफिया गतिविधियां केवल दुश्मनों के खिलाफ होती हैं, दोस्तों के खिलाफ नहीं।

# अब जब्त ईरानी फंड से युद्ध का हिसाब चुकाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग अब उन ईरानी संपत्तियों का इस्तेमाल

■ राष्ट्रपति ट्रंप ने बनाया बड़ा प्लान

करने की तैयारी कर रहा है, जिन्हें प्रतिबंधों के तहत जब्त किया गया था। इन पैसों से खाड़ी देशों में युद्ध और हमलों से हुए नुकसान की भरपाई करने की योजना बनाई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन चाहता है कि ईरान अपने हमलों से हुए नुकसान की आर्थिक कीमत भी चुकाए। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर लेबनान तक हालात लगातार विस्फोटक बने हुए हैं।

**क्या है अमेरिका की नई योजना?**

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की योजना है कि जब्त ईरानी संपत्तियों का इस्तेमाल खाड़ी देशों के पुनर्निर्माण में किया जाए। इसमें सऊदी अरब, कतर, बहरीन, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं, जिन्हें हाल के महीनों में ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खाड़ी देशों से यह आकलन लिया जाए कि युद्ध में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए कितनी रकम की जरूरत होगी। इसके बाद यह देखा जाएगा कि जब्त ईरानी संपत्तियों को कानूनी रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं। अमेरिका अभी यह तय नहीं कर पाया है कि किन संपत्तियों का उपयोग किया जाएगा। इसमें विदेशी बैंकों में जमा ईरानी फंड, तेल टैंकर और अन्य संपत्तियां शामिल हो सकती हैं। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि ईरान को क्षेत्रीय हिंसा और अस्थिरता की कीमत चुकानी चाहिए। दूसरी तरफ ईरान लगातार कह रहा है कि किसी भी समझौते से पहले उसके अरबों डॉलर के फंड को जारी किया जाए और प्रतिबंध हटाए जाएं। बताया जा रहा है कि ईरान करीब 24 अरब डॉलर की जमी हुई संपत्तियों को छुड़ाने की मांग कर रहा है।

# ओहायो फेस्टिवल के पास ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत

**टोलेडो (ओहायो)।** अमेरिका के ओहायो राज्य के टोलेडो शहर में एक सामुदायिक फेस्टिवल के पास हुई गोलीबारी ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के दौरान अचानक चली गोलियों से लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस घटना में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि हमलावरों की तलाश जारी है और मामले की जांच तेज कर दी गई है। टोलेडो पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार शाम उस समय हुई जब ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यह दो दिवसीय आयोजन शहर के ऐतिहासिक इलाके में हर साल आयोजित किया जाता है, जिसमें लाइव म्यूजिक, खाने-पीने के स्टॉल, खरीदारी और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी और देखते ही देखते पूरा इलाका अफरा-तफरी में बदल गया। लोग जमीन पर लेट गए और कई लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोग चीखते और दौड़ते दिखाई दिए।

# ट्रंप ने पूर्व एनएसए को बताया बुरा और भ्रष्ट इंसान

## बोले- बेईमानी की कीमत चुका रहे जॉन बोल्टन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन पर तीखा हमला किया है। ट्रंप ने बोल्टन को एक बुरा और भ्रष्ट आदमी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बोल्टन अपनी बेईमानी की सजा भुगत रहे हैं। शनिवार को चिप्पेवा फॉल्स की यात्रा के दौरान एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने बोल्टन की जमकर आलोचना की। ट्रंप ने कहा कि जॉन बोल्टन एक बेईमान इंसान हैं और वह बिल्कुल भी समझदार नहीं हैं। ट्रंप के मुताबिक, बोल्टन को युद्ध करने का बहुत शौक था। वह हर उस व्यक्ति के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते थे जो उनके सामने बोलता था। उन्होंने यह भी कहा कि वह कभी बोल्टन के प्रशंसक नहीं रहे और उन्हें केवल एक खास उद्देश्य के लिए काम पर रखा था। ट्रप ने दावा किया कि बोल्टन ने पूर्व राष्ट्रपति बुश के समय भी बहुत सी समस्याएं खड़ी की थीं। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि बोल्टन की युद्ध वाली सलाहों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता था क्योंकि वह कभी उनकी बात नहीं सुनते थे। ट्रंप ने बोल्टन की किताब का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने सारी जानकारी ली और उसका गलत इस्तेमाल किया। ट्रंप ने कहा कि बोल्टन को पकड़ लिया गया है और अब वह अपनी बेईमानी की कीमत चुका रहे हैं।

# भारतीय शांति सैनिक मेजर अभिलाषा बराक को मिला अवार्ड

**न्यूयॉर्क।** भारत की महिला शांति सैनिक और देश की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र

■ उत्कृष्ट योगदान कर बढ़ाया देश का गौरव

सैन्य लिंग अधिवक्ता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में मेजर बराक को यह पुरस्कार प्रदान किया। वर्तमान में वह लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनीफिल) के तहत शांति मिशन में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

पुरस्कार समारोह के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मेजर अभिलाषा बराक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका योगदान यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन महिलाओं और लड़कियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि मेजर बराक न केवल उन लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं जिनकी वह सेवा कर रही हैं, बल्कि अपने साथ काम करने वाले शांति सैनिकों के लिए भी एक आदर्श उदाहरण हैं।

**कौन हैं मेजर अभिलाषा बराक?**

मेजर अभिलाषा बराक भारतीय सेना की एक प्रतिष्ठित अधिकारी हैं। वह भारत की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में भी जानी जाती हैं। अपने सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं और महिला नेतृत्व को नई पहचान दिलाई है।

### सम्मान पाने वाली तीसरी भारतीय अधिकारी बनीं अभिलाषा

भारत के लिए खास बात यह भी है कि इस सम्मान को पाने वाली अभिलाषा बराक तीसरी भारतीय अधिकारी बन गई हैं। इससे पहले मेजर सुमन गवानी को 2019 में और मेजर राधिका सेन को 2023 में यह पुरस्कार मिल चुका है। मेजर सुमन गवानी ने दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के दौरान शानदार काम किया था, जबकि मेजर राधिका सेन ने कांगो में शांति मिशन में अपनी सेवाएं दी थीं।

# तुर्किए के विदेश मंत्री ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**ढाका।** तुर्किए और बांग्लादेश के बीच बातचीत गहरी होती जा रही है। ढाका में तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीके खोजने पर चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से भी मुलाकात की। बीएनपी के सत्ता में आने के बाद से बांग्लादेश की विदेश नीति में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। बांग्लादेश का झुकाव तुर्किए और पाकिस्तान जैसे देशों की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी ढाका में फिदान से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के संयोजक नाहिद इस्लाम कर रहे थे।

# अमेरिकी नौसेना में महिला अधिकारियों की चिंता बढ़ी

## प्रमोशन लिस्ट से नाम हटाने पर विवाद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की नौसेना में महिला अधिकारियों के प्रमोशन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा नौसेना की प्रमोशन सूची से कई अधिकारियों के नाम हटाए जाने के बाद महिला अधिकारियों में नाराजगी और चिंता बढ़ गई है। खास बात यह है कि हटाए गए अधिकारियों में सभी महिला अधिकारी भी शामिल थीं। इसके बाद कई महिला अधिकारियों ने आशंका जताई है कि अब सेना में उनके करियर की एक सीमा तय की जा रही है और आगे बढ़ने के मौके कम हो सकते हैं। अमेरिकी नौसेना ने पहले 31 अधिकारियों को कैप्टन से वन-स्टार एडमिरल रैंक पर प्रमोट करने के लिए चुना था। लेकिन बाद में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस सूची से नौ अधिकारियों के नाम हटा दिए। इनमें तीन महिला अधिकारी और दो अश्वेत अधिकारी शामिल थे। इस फैसले के बाद इस साल अमेरिकी नौसेना में एक भी महिला अधिकारी को वन-स्टार एडमिरल रैंक नहीं मिल पाएगी। साल 2024 के सैन्य आंकड़ों के मुताबिक अमेरिकी नौसेना के करीब एक-चौथाई अधिकारी महिलाएं हैं। इसके बावजूद शीर्ष रैंक में महिलाओं की गैरमौजूदगी ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। कई महिला अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला सेना में महिलाओं के भविष्य को लेकर गलत संदेश देता है।

# भारत के प्रति यूरोप का दोहरा रवैया

**तेल अवीव।** यूरोप एक तरफ भारत को अपना खास दोस्त बताता है। दूसरी तरफ वह पाकिस्तान की पीठ थपथपाने से बाज नहीं आ रहा

■ आतंकवाद पर पाकिस्तान का दिया साथ

■ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में खुली पोल

है। यूरोप के इसी दोहरे खेल का अब पर्दाफाश हुआ है। इटली के बड़े भू-राजनीतिक विशेषज्ञ सर्जियो रेस्टेली ने इस पर बड़ा खुलासा किया है। टाइम्स ऑफ इस्राइल में लिखे अपने लेख में उन्होंने यूरोप की कूटनीति पर तीखे सवाल उठाए हैं। रेस्टेली के मुताबिक, यूरोप भारत के साथ सुरक्षा के बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन जब बात पाकिस्तान की आती है, तो वह तुरंत सुर बदल लेता है। वह पाकिस्तान को बचाने के लिए शांति और संयम की खोखली भाषा बोलने लगता है।

हाल ही में इस्लामाबाद में पाकिस्तान और यूरोपीय संघ (ईयू) की एक बड़ी बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद दोनों ने एक साझा बयान जारी किया। इस बयान में यूरोपीय संघ ने भारत के जम्मू-कश्मीर की तुलना सीधे यूक्रेन से कर दी। इस हरकत से यूरोप का असली चेहरा सामने आ गया है। रेस्टेली ने कहा कि ऐसा करके यूरोप ने पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह छिपा दिया। सिर्फ दिखावे के लिए यूरोप ने आतंकवाद के खिलाफ अपने ही सिद्धांतों की धज्जियां उड़ा दीं। इससे भारत में एक गलत संदेश गया है। साफ लगता है कि यूरोप को भारत का बड़ा बाजार तो चाहिए, लेकिन वह भारत की सुरक्षा की चिंता बिल्कुल नहीं करता।

यूरोपीय संघ की बड़ी नेत्री काजा कलास ने हाल ही में पाकिस्तान का दौरा किया। इस दौरे को लेकर विशेषज्ञ रेस्टेली ने इसे यूरोप का रणनीतिक भ्रम कहा है। कलास ने इस साल की शुरुआत में भारत के साथ रक्षा संबंध मजबूत करने का दावा किया था। लेकिन पाकिस्तान जाते ही उनका रुख बदल गया। असल में यूरोप अमेरिका से होने वाले अपने नुकसान की भरपाई करना चाहता है। इसके लिए वह भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करना चाहता है। लेकिन जैसे ही उपमहाद्वीप में तनाव बढ़ता है, वह फिर से पुराने पाकिस्तान राग पर लौट आता है। यूरोप सिर्फ ईरान के मामले में अपनी जगह बनाने के लिए आसिफ मुनीर जैसे तानाशाहों के आगे झुक रहा है।

# यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक पहुंच सकता है चिकनगुनिया

## जलवायु परिवर्तन से बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली।** कभी चिकनगुनिया को मुख्य रूप से गर्म जलवायु वाले देशों की बीमारी माना जाता था, पर अब वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन इस बीमारी का भूगोल बदल सकता है। बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण ऐसे मच्छरों का दायरा तेजी से बढ़ रहा है जो चिकनगुनिया वायरस फैलाते हैं। इसके परिणामस्वरूप आने वाले दशकों में दुनिया के कई ठंडे क्षेत्र भी इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

प्रतिष्ठित जर्नल फ्रंटियर्स इन सेलुलर एंड इन्फेक्शन माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार सदी के अंत तक उत्तर-पूर्वी उत्तरी अमेरिका, मध्य यूरोप और पूर्वी एशिया के कई हिस्से चिकनगुनिया के नए हॉटस्पॉट बन सकते हैं। अध्ययन में भारत के लिए भी चिंता जताई गई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि बीमारी नए क्षेत्रों में फैलती है तो 1.21 करोड़ भारतीय इसके जोखिम में आ सकते हैं। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन, नागासाकी यूनिवर्सिटी और इंटरनेशनल वैक्सीन इंस्टीट्यूट से जुड़े वैज्ञानिकों के एक अन्य अध्ययन के अनुसार, हर साल दुनिया भर में करीब 1.44 करोड़ लोग चिकनगुनिया के जोखिम में हैं। इनमें से करीब 51 लाख लोग भारत में हैं। भविष्य में यह संख्या वैश्विक स्तर पर 3.49 करोड़ तक पहुंच सकती है।

# उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अमेरिका को खुली चुनौती देते हुए साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बंद

■ किम जोंग उन की बहन बोलीं- परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे

नहीं करेगा। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका की परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग को पुराना और अव्यावहारिक सपना बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से मिल रहे खतरे के बीच उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियारों को मजबूत करेगा। इस बयान ने एक बार फिर कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया है।



किम जोंग उन की बहन और उत्तर कोरिया की वरिष्ठ नेता किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी है और अमेरिका की तरफ से इसे बदलने की कोशिश का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उन्होंने अमेरिका के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी भी पुराने दौर की सोच में फंसा हुआ है। उत्तर कोरिया अब पीछे हटने वाला नहीं है और अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु ताकत बढ़ाता रहेगा।

**उत्तर कोरिया परमाणु ताकत क्यों बढ़ा रहा है?**

उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। साल 2019 में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच बातचीत विफल होने के बाद उत्तर कोरिया ने हथियार कार्यक्रम को और तेज कर दिया था। हाल ही में किम जोंग उन ने एक परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र का दौरा किया था। वहां उन्होंने कहा था कि देश की परमाणु ताकत को तेजी से कई गुना बढ़ाया जाएगा। रविवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन ने एक हथियार फैक्ट्री का भी दौरा किया और मिसाइल उत्पादन क्षमता को ढाई गुना बढ़ाने का आदेश दिया।

संस्मरण

## लेकिन महंगा होने के कारण अमेरिकी सरकार को लौटाना पड़ा

# पीएम मोदी का दिया हीरा खुद रखना चाहती थीं जिल बाइडन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपहार में दिए गए हीरे को अपने पास रखना चाहती थीं, लेकिन उसकी अधिक कीमत के कारण उन्होंने उसे संघीय सरकार को लौटा दिया। अपनी आत्मकथा व्यू फ्रॉम द ईस्ट विंग : ए मेमोइर में बाइडन ने व्हाइट हाउस के जीवन और अमेरिका के प्रथम परिवार को मिलने वाले उपहारों से जुड़े सख्त नियमों का विस्तार से वर्णन किया है। यह पुस्तक इसी सप्ताह बाजार में आई है।



**मोदी ने भेंट किया था 7.5 कैरेट का लैब-ग्रोन डायमंड**

बाइडन को सबसे अधिक याद रहने वाले उपहारों में एक 7.5 कैरेट का लैब-ग्रोन डायमंड भी शामिल है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी वॉशिंगटन स्थित राजकीय यात्रा के दौरान भेंट किया था। बाइडन लिखती हैं, कभी-कभी उपहार के रूप में छोटी-छोटी चीजें मिलती थीं, जैसे फूल या शराब, लेकिन कभी-कभी बड़ी चीजें भी मिलती थीं। इनमें 7.5 कैरेट का वह लैब-ग्रोन डायमंड भी शामिल था, जो भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी राजकीय यात्रा के दौरान मुझे दिया था। यह रत्न प्रयोगशाला में निर्मित हीरों के क्षेत्र में अग्रणी बनने के भारत के प्रयासों का प्रतीक था।

**हीरे को लेकर क्या थी जिल बाइडन की योजना**

बाइडन आगे लिखती हैं, यह हीरा बेहद खूबसूरत था। अमेरिकी नैतिक नियमों के अनुसार यह उपहार व्यक्तिगत रूप से मेरा नहीं था। तकनीकी रूप से यह मुझे नहीं, बल्कि प्रथम महिला के पद को दिया गया था, इसलिए यह संघीय सरकार की संपत्ति माना गया। उन्होंने बताया कि एक निश्चित मूल्य से अधिक के उपहारों की सरकारी अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाती है और उनका रिकॉर्ड रखा जाता है। ऐसे उपहारों को प्राप्त करने वाला व्यक्ति उनके उचित बाजार मूल्य का भुगतान कर उन्हें खरीद सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के उपहार के मामले में उन्होंने शुरुआत में ऐसा करने पर विचार किया था।

**पहले खरीदने का मन बनाया फिर कीमत जानकर टाल दिया विचार**

बाइडन लिखती हैं, प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह उनके गृहनगर में 2,500 डॉलर में हस्तनिर्मित किया गया था। उनके पास इसकी रसीद भी थी। मैंने सोचा था कि शायद मैं इसे खरीद लूं। लेकिन बाद में विदेश विभाग ने इसकी कीमत 20,000 डॉलर आंकी, इसलिए मैंने इसे नहीं खरीदा। उन्होंने आगे लिखा, मुझे बताया गया कि मैं इसे अपने कार्यालय में प्रदर्शित कर सकती हूं या पहनने के लिए उधार ले सकती हूं। इसलिए मैंने इसे अंगूठी में जड़वा लिया और आधिकारिक समारोहों में पहनती थी। यह व्यवस्था केवल व्हाइट हाउस में मेरे कार्यकाल तक ही रही। पद छोड़ने के बाद मैंने इसे वापस कर दिया। अंगूठी को अन्य अनगिनत राष्ट्रपति उपहारों के साथ एक गोदाम में रख दिया गया, जिनमें से कई को बाद में नष्ट कर दिया गया। यह संस्मरण इस घटना के माध्यम से व्हाइट हाउस के जीवन से जुड़े उन वित्तीय और नैतिक नियमों को रेखांकित करता है, जिन्हें अक्सर लोग ठीक से नहीं समझ पाते। बाइडन लिखती हैं कि आधिकारिक आवास, कार्यक्रमों और उपहारों से जुड़े विस्तृत नियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोग सरकारी संसाधनों या विदेशी उपहारों से व्यक्तिगत लाभ न उठा सकें।

**जिल ने कई अन्य उपहारों का भी किया जिक्र**

बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए हीरे की तुलना फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों द्वारा दिए गए एक कंगन से की है। इस कंगन का उनके लिए भावनात्मक महत्व था, इसलिए उन्होंने सरकार से इसे खरीद लिया ताकि पद छोड़ने के बाद भी वह इसे अपने पास रख सकें। बाइडन लिखती हैं, मैंने विदेश विभाग को भुगतान किया ताकि पद छोड़ने के बाद भी मैं इसे अपने पास रख सकूं। मैं इसे आज भी हर दिन पहनती हूं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले अन्य उपहारों का भी उल्लेख किया है। इनमें यूक्रेन द्वारा बम के छर्रों से बनाया गया एक ब्रोच भी शामिल है, जिसकी कीमत अधिकारियों ने 14,063 डॉलर आंकी थी।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085583

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089